राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 239
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 24 जूलाई 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा सुसाइड मामले में सुप्रीम कोर्ट की टीम पहुंची यूनिवर्सिटी
पेज 4 जन समस्या मेला समिति भारत का 10वां स्थापना दिवस एवं
पेज 6 आईएसएल इसी प्रकार स्थागित रहा तो फुटबॉल पीछे चला जाएगा

## संक्षिप्त खबरें

### अमृतसर में 4 किलो हेरोइन सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**अमृतसर।** अमृतसर में पुलिस ने आज नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ग्रामीण पुलिस ने बाबा गुलाब शाह जी की दरगाह जाने वाली मुख्य सड़क से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान साहिबदीप सिंह और सुखबीर सिंह के रूप में हुई है। आरोपियों से 4 किलो 107 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। यह कार्रवाई पंजाब के सीएम के नशा विरोधी अभियान ड्रग्स के विरुद्ध युद्ध के तहत की गई। अभियान का नेतृत्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मनिंदर सिंह आईपीएस कर रहे हैं। एसपी (डी) आदित्य वारियर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी काली नाम के एक पाकिस्तानी तस्कर के संपर्क में थे।


### दिल्ली में बब्बर खालसा का गुर्गा पकड़ा गया

**गुरदासपुर।** दिल्ली पुलिस ने एक बड़े अपराधी आकाशदीप को गिरफ्तार किया है, जो पंजाब के बटाला में लाल किला सिंह थाने पर ग्रेनेड हमले का आरोपी है। वह दिल्ली और आसपास के इलाकों में बदमाशों और गैंगस्टरों को अवैध हथियार सप्लाई करता था। पुलिस के मुताबिक, आकाशदीप खालिस्तानी आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा है और वह काफी समय से देश विरोधी गतिविधियों में शामिल था। पंजाब पुलिस भी उसे ढूंढ रही थी। आकाशदीप को गुप्त जानकारी के आधार पर पकड़ा गया। उसके खिलाफ कई गंभीर केस पहले से दर्ज हैं।



### हैप्पी मॉर्निंग


पत्नी उदास होकर बैठी थी
पति- तबीयत ठीक नहीं है क्या?
जाओ डॉक्टर को दिखा लो
पत्नी- दिखाया था यार डॉक्टर को
पति-क्या बताया उसने ?
पत्नी- बोल रहा था...खून में
शॉपिंग की कमी है बोला है
थोड़ा मॉल घूमकर आओ
पति सुनकर
बेहोश



### शायरी

मिरे जुनूँ का नतीजा ज़रूर निकलेगा
इसी सियाह समुंदर से नूर निकलेगा

### अर्थसार



सेंसेक्स:
82,726.64
+539.83 (0.66%)
निफ्टी:
25,219.90
+159.00

### मौसम



अधिकतम : 34 डिग्री से0
न्यूनतम : 28 डिग्री से0
सूर्योदय शुक्रवार : 5 : 45
सूर्यास्त गुरुवार : 7 : 20

# एटीएस का दावा : यूपी का युवक आतंकी हमले करना चाहता था

## अल-कायदा के 4 आतंकी अरेस्ट; ऑपरेशन सिंदूर के दस्तावेज मिले

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में आतंकी संगठन अल-कायदा के मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ है। गुजरात एटीएस ने चार आतंकियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। बुधवार को एटीएस ने बताया- दो आतंकी गुजरात, एक दिल्ली और एक नोएडा से पकड़े गए हैं। ये चारों नकली नोटों के रैकेट और आतंकी संगठन की विचारधारा को फैलाने में शामिल थे।

नोएडा के आरोपी का नाम जीशान अली है। वह सेक्टर 63 का रहने वाला है। चारों आरोपी अल कायदा के अल कायदा इन इंडियन सब कॉन्टीनेंट से जुड़े बताए जा रहे हैं। ये सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और कुछ संदिग्ध ऐप्स के जरिए लोगों को अल-कायदा से जोड़ने के काम में सक्रिय थे। सोशल मीडिया के जरिए लड़ाके भर्ती कर रहे थे।

गुजरात एटीएस को इनके पास से कुछ सोशल मीडिया हैंडल और चैट भी मिले हैं। साइबर टीम भी इसकी जांच में जुटी हुई है। एटीएस को यह भी जानकारी मिली है कि चारों मैसेजेज को ऑटो-डिलीट करने वाली एप्लिकेशन का भी इस्तेमाल कर रहे थे।




### इन पर नजर रखी जा रही थी

सुरक्षा एजेंसियों को इनके सोशल मीडिया अकाउंट्स पर देश विरोधी और उकसाऊ पोस्ट मिलने के बाद इन पर नजर रखी जा रही थी। लंबे समय से की जा रही तकनीकी और फील्ड निगरानी के बाद एटीएस ने सटीक कार्रवाई करते हुए चारों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। एटीएस के मुताबिक आरोपियों की उम्र 20 से 25 साल के बीच है और ये भारत में आतंकी हमलों की साजिश रच रहे थे। इन आतंकियों को कुछ खास और संवेदनशील ठिकानों को निशाना बनाने के निर्देश दिए गए थे। ये चारों आतंकी सोशल मीडिया ऐप्स के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े हुए थे। जांच में यह भी सामने आया है कि इनका संपर्क सीमा पार बैठे आतंकियों से भी था।

गुजरात एटीएस और केंद्रीय एजेंसियां अब इनके नेटवर्क, फंडिंग, ट्रेनिंग और विदेशी संपर्कों की कड़ियों को जोड़ने में जुटी हैं। इनसे पूछताछ के बाद और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

आरोपी जीशान नोएडा में ललियाना गांव का रहने वाला है। वह छिजारसी स्थित मेन रोड पर सैनिक कम्युनिकेशन नाम की दुकान पर अक्सर आता था। यहां वह घंटों बैठता था। स्थानीय जान मोहम्मद से दैनिक भास्कर ने बात की। उन्होंने बताया, एटीएस की टीम आई थी, वो जीशान को मंगलवार दोपहर 1: 30 बजे के करीब पकड़ कर ले गई। वह दुकान पर अक्सर बैठा नजर आता था। काफी देर तक खड़ा रहता था। वह लोगों से छिपकर मोबाइल बातचीत करता था। हमारे मोबाइल पर भी कॉल करता था। करीब 30 दिन पहले उसने दुकान के पास ही किराए पर कमरा लिया था।

### दिल्ली का मोहम्मद फैक मास्टरमाइंड

डीआईजी सुनील जोशी ने बताया, गुजरात एटीएस ने इंस्टाग्राम के ज़रिए पाकिस्तान से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफ़ाश किया है। दिल्ली के मास्टरमाइंड मोहम्मद फैक समेत चार संदिग्धों को युवाओं को कट्टरपंथी बनाने, जिहाद को बढ़ावा देने और देश-विरोधी गतिविधियों की योजना बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। तलवारें, अल-क़ायदा सामग्री और आपत्तिजनक पोस्ट ज़ब्त किए गए हैं। दिल्ली पुलिस, यूपी एटीएस और केंद्रीय एजेंसियों के संयुक्त प्रयासों से उन्हें 14 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। फंडिंग से जुड़े संबंधों की जांच की जा रही है।

### विरोध प्रदर्शन



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा, गौरव गोगोई, समाजवादी पार्टी सांसद जया बच्चन, डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि, टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी, आरजेडी सांसद मनोज झा और इंडिया ब्लॉक के अन्य सांसदों ने नई दिल्ली में संसद के मानसून सत्र के दौरान चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

## अहमदाबाद एयरपोर्ट पर टेकऑफ से पहले इंडिगो फ्लाइट में आग

### पायलट ने मेडे कॉल भेजा

अहमदाबाद। अहमदाबाद से दीव जा रही इंडिगो की फ्लाइट एटीआर 76 के इंजन में बुधवार को उड़ान भरने से ठीक पहले आग लग गई।

फ्लाइट में 60 पैसेंजर थे। विमान रनवे पर टेकऑफ की तैयारी कर रहा था, तभी पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इमरजेंसी 'मेडे' कॉल भेजा और उड़ान को रोक दिया गया। यह हादसा सुबह करीब 11 बजे हुआ। इसके बाद तुरंत सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना की जांच जारी है। इससे एक दिन पहले मंगलवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर हॉन्गकॉन्ग से आई एअर इंडिया फ्लाइट-315 में लैंडिंग के तुरंत बाद ऑक्सिलरी पावर यूनिट यूनिट में आग लग गई थी। ऑक्सिलरी पावर यूनिट प्लेन में सबसे पीछे उसकी टेल में होती है। वहां आग लगने से प्लेन की बॉडी को नुकसान पहुंच सकता है।

# दिल्ली में सड़कें डूबीं, स्कूल में घुटनों तक पानी भरा

## झारखंड-बिहार में बिजली गिरने से 7 की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एमसीआर में बुधवार सुबह से ही बारिश हो रही है। दिल्ली के कई इलाकों में सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया, जिससे गाड़ियां फंस गईं। दिल्ली के टिकरी कलां स्थित नगर निगम बालिका स्कूल के क्लासरूम में दो फीट तक पानी भर गया। बच्चे पानी के बीच डेस्क पर बैठे दिखे।



कई जगह ट्रैफिक जाम की स्थिति देखी गई। गाजियाबाद में रामनगर एलिवेटेड रोड पर गाड़ियों की लंबी कतारें नजर आईं। आईएमडी ने दिल्ली और एनसीआर में आज दिन भर गरज, बिजली और तेज हवाओं (30-40 किमी प्रति घंटे) के साथ और बारिश होने की संभावना जताई है।

दूसरी तरफ, झारखंड में बिजली गिरने से चार महिलाओं और बिहार में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो महिलाएं झुलस गईं। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के मुताबिक, प्रदेश में मानसून कमजोर पड़ गया है। अगले 48 घंटे में बारिश का अनुमान नहीं है।

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में हुए लैंडस्लाइड में दो लोगों की मौत हो गई।

मंगलवार-बुधवार की रात बदोरा पहाड़ी क्षेत्र में लैंडस्लाइड के समय दोनों तंबू में सो रहे थे। मौसम विभाग ने उधमपुर में अगले 72 घंटों तक रुक-रुककर भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान लगाया है।

### हिमाचल प्रदेश में 385 सड़कें बंद, कई जगहों पर लैंडस्लाइड

हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के बाद दो नेशनल हाईवे सहित कुल 385 सड़कें बंद कर दी गई हैं। बंद होने वाली 385 सड़कों में से 252 सड़कें मंडी में हैं। मंडी में एनएस-70, मंडी-कोटली मार्ग, सिरमौर में एनएच-707 लैंडस्लाइड के बाद कई जगहों पर बंद कर दिया गया है। हिमाचल प्रदेश में 22 जून को मानसून की शुरुआत के बाद से, बारिश से जुड़ी घटनाओं में 76 लोगों की मौत हो चुकी है। 34 लोग लापता हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर-लोकसभा में 28, राज्यसभा में 29 जुलाई को चर्चा

### दोनों सदनों में 16-16 घंटे बहस; विपक्ष के हंगामे से लगातार तीसरे दिन सदन नहीं चला

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोकसभा में 28 जुलाई और राज्यसभा में 29 जुलाई को चर्चा होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों सदनों में बहस के लिए 16-16 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। संसद के मानसून सत्र की शुरुआत 21 जुलाई को हुई थी। पिछले 3 दिनों से विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर, बिहार वोटर वेरिफिकेशन जैसे मुद्दों पर हंगामा कर



रहा है। तीन दिनों में दोनों सदनों में लगातार एक-आधे घंटे भी कार्यवाही नहीं चल सकी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि सरकार कहती है ऑपरेशन सिंदूर चालू है, जबकि डोनाल्ड ट्रम्प बंद कराने का दावा कर चुके हैं।

ट्रम्प ने 25 बार बोला कि उन्होंने सीजफायर कराया। वो कौन होते हैं बोलने वाले, ये उनका काम नहीं है, लेकिन पीएम मोदी ने इस पर एक जवाब नहीं दिया। ऐसा लगता है दाल में कुछ काला है। इससे पहले लोकसभा में बिहार वोटर वेरिफिकेशन मुद्दे पर हंगामा हुआ। विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हुए वेल में चले आए। उन्होंने काले कपड़े लहराए। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा- आप सड़क का व्यवहार संसद में न करें। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

## 6 महीने राशन नहीं लेने पर राशन कार्ड रद्द होगा

### घर-घर जाकर जांच होगी; केंद्र सरकार ने राज्यों से सख्ती से पालन करने को कहा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 22 जुलाई को लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) संशोधन आदेश, 2025 नोटिफाइड किया है। इसके तहत 6 महीने से राशन न लेने वालों के कार्ड एक्टिव नहीं रहेंगे। फिर 3 महीने में घर-घर जाकर जांच और ईकेवाईसी से दोबारा पात्रता तय होगी।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन न लेने वाले भी दायरे में आएंगे। देश में 23 करोड़ सक्रिय राशन कार्ड हैं। इस कवायद में कितने कार्ड रद्द होंगे, यह संख्या जांच के बाद स्पष्ट होगी। सूत्रों के अनुसार राज्यों में 7 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक कार्ड रद्द हो सकते हैं।

25 लाख से ज्यादा कार्ड डुप्लीकेट होने का अंदाजा है। केंद्र ने राज्यों को आदेश सख्ती से लागू करने को कहा है। एक अधिकारी ने कहा कि इस कवायद का मकसद अपात्रों को बाहर करना है।

### पात्रता सूची की अब हर पांच साल में जांच होगी

उपभोक्ता तथा खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार राशन कार्ड की पात्रता सूची की हर 5 साल में जांच होगी। कार्ड में दर्ज 5 साल से छोटे बच्चों का आधार नंबर लगेगा। 5 साल पूरे होने पर उसका केवाईसी अनिवार्य होगा। दोहरी एंट्री वालों के कार्ड 3 माह के लिए निलंबित कर केवाईसी की जाएगी। नया राशन कार्ड 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर बनेगा। राज्य पोर्टल पर प्रतीक्षा सूची जारी करेंगे।

# 'मिंत्रा' पर 1654 करोड़ की गड़बड़ी का केस

### ईडी ने विदेशी निवेश के गलत उपयोग का आरोप लगाया, फाइनेंशियल रिकॉर्ड्स की जांच शुरू

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म मंत्रा और उसकी सहयोगी कंपनियों पर प्रवर्तन निदेशालय ने फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट के उल्लंघन का केस दर्ज किया है। यह मामला करीब 1,654 करोड़ रुपए के विदेशी मुद्रा उल्लंघन से जुड़ा है।

ईडी को जानकारी मिली थी कि मेसर्स मिंत्रा डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड और उसकी सहयोगी कंपनियां होलसेल कैश एंड कैरी के नाम पर मल्टी ब्रांड




रिटेल कारोबार कर रही थीं। ये विदेशी निवेश की नीति के खिलाफ है।

सूत्रों का कहना है कि ईडी ने कंपनी के कुछ दस्तावेज और फाइनेंशियल रिकॉर्ड्स की भी छानबीन शुरू कर दी है। यह देखा जा रहा है कि क्या मंत्रा ने विदेशी फंड्स का इस्तेमाल गलत तरीके से किया या नियमों को दरकिनार किया।

### क्या है फेमा एक्ट?

फेमा के तहत इस बात कि निगरानी की जाती है कि कोई भी कंपनी या व्यक्ति विदेशी पैसों का गलत इस्तेमाल न करे, जैसे मनी लॉन्ड्रिंग या टैक्स चोरी। यह विदेशी निवेश और व्यापार को आसान बनाता है, लेकिन इसे नियमों के दायरे में रखता है।

फेमा में भारत के सभी विदेशी मुद्रा लेनदेन के लिए प्रक्रियाओं की रूपरेखा दी गई है। इस अधिनियम के तहत ईडी को विदेशी मुद्रा कानूनों और नियमों के संदिग्ध उल्लंघनों की जांच करने, उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करने और उन पर जुर्माना लगाने की जिम्मेदारी दी गई है।

# जस्टिस वर्मा केस से हटे सीजेआई गवई

### कहा- मैं सुनवाई नहीं कर सकता, क्योंकि पहले भी इसका हिस्सा रहा

**नई दिल्ली।** जस्टिस यशवंत वर्मा के कैश कांड की सुनवाई से चीफ जस्टिस बीआर गवई ने खुद को अलग कर लिया है। बुधवार को सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा, मेरे लिए इस केस की सुनवाई में शामिल होना उचित नहीं होगा, क्योंकि मैं पहले भी इसका हिस्सा रहा हूं। दरअसल, 19 जुलाई जस्टिस वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें उन्होंने इन-हाउस कमेटी की रिपोर्ट और महाभियोग की सिफारिश रद्द करने की अपील की थी। रिपोर्ट में घर में कैश मिलने के मामले में जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया गया है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस वर्मा की ओर से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने दलील रखी। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ संवैधानिक मुद्दे हैं। कृपया जल्द से जल्द बेंच गठित करें। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले पर सुनवाई के लिए नई बेंच गठित करेंगे। दूसरी तरफ, संसद में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही भी शुरू हो गई है। जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए 152 सांसदों ने 21 जुलाई को लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला को ज्ञापन सौंपा। राज्यसभा में 50 से ज्यादा सांसदों ने प्रस्ताव पर साइन किए।

### फर्जी दूतावास

### आरोपी लंदन से एमबीए, विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगता था; एसटीएफ ने पकड़ा

# गाजियाबाद में नकली दूतावास खोला, 4 फर्जी देश बनाए

गाजियाबाद। यूपी के गाजियाबाद में फर्जी दूतावास का खुलासा हुआ है। एसटीएफ ने मंगलवार को छापा मारकर हर्षवर्धन जैन को अरेस्ट किया। उसके पास से वीआईपी नंबर वाली 4 लग्जरी गाड़ियां जब्त की गई हैं। इसके साथ ही अलग-अलग देशों और कंपनियों की 34 मोहरें भी मिली हैं। इसके अलावा, विदेश मंत्रालय की मोहर लगे नकली पेपर्स और 44.70 लाख रुपए नकद भी बरामद किए गए।

एसटीएफ एसएसपी सुशील घुले ने बताया- हर्षवर्धन केबी 35 कविनगर में किराए का मकान लेकर अवैध रूप से 'वेस्ट आर्कटिक दूतावास' चला



हर्षवर्धन जैन, आरोपी

रहा था। वह खुद को वेस्टार्कटिका, सबोरगा, पुलावाविया, लोडोनिया देशों का कॉन्सुल एंबेसडर बताता है। हालांकि इन नामों का कोई देश दुनिया में नहीं है।

उन्होंने बताया- हर्षवर्धन डिप्लोमेटिक नंबर प्लेट लगी गाड़ियों से चलता था। लोगों को प्रभावित करने के लिए प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और कई अन्य बड़े लोगों के साथ अपनी मॉर्फ की हुई फोटो का इस्तेमाल करता था। उसका मुख्य काम कंपनियों और प्राइवेट व्यक्तियों को बाहर के देशों में काम दिलाने के नाम पर दलाली करना और शेल कंपनियों के जरिए हवाला रैकेट चलाना था। हर्षवर्धन के पास से दो फर्जी प्रेस कार्ड, दो फर्जी पैन कार्ड, माइक्रोनेशन देशों के 12 डिप्लोमेटिक पासपोर्ट, कई देशों की विदेशी मुद्रा, विभिन्न कंपनियों के दस्तावेज और 18 डिप्लोमेटिक नंबर प्लेट भी बरामद की गई हैं।

सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी से पहले यूपी एसटीएफ ने केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से विदेश मंत्रालय को फर्जी दूतावास संचालित होने की सूचना भेजी थी। मंत्रालयों से जांच के बाद एसटीएफ ने कार्रवाई की।

कविनगर शहर का पॉश इलाका है, जहां पुलिस कमिश्नर, डीएम समेत कई अफसरों के ऑफिस भी हैं। फर्जी दूतावास के बाहर अनूप सिंह नाम के व्यक्ति की नेम प्लेट लगी है। इस मकान से करीब 100 मीटर दूर दूसरा मकान है, जहां आरोपी हर्षवर्धन का आना-जाना था। बताया जा रहा है कि यह मकान हर्षवर्धन के पिता एचडी जैन का है।

# संपादकीय

## सुख का भ्रम और जीवन की सच्चाई

'सब के दुख सुख उस के चेहरे पर
लिखे पाए गए,
आदमी क्या था, हमारे शहर का
अख़बार था।'

— राहत इन्दौरी



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

अब ऐसे लोग कहाँ बचे हैं।
अब तो लोग केवल लाइक गिनते हैं, लेकिन रिश्तों की गर्माहट नहीं।
हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं जहाँ इंसान का 'सुख' अब इंस्टाग्राम की रील, व्हाट्सएप स्टेटस और अमेज़न की डिलीवरी से मापा जाता है।
बाहर से ज़िंदगी दिखती है चमचमाती — लेकिन भीतर कहीं एक गूंजता हुआ सूनापन है।
हर कोई दौड़ रहा है
मगर किस मंज़िल की ओर?
किसके लिए?
क्यों?
शायद किसी को नहीं पता।

### पूर्वजों का सुख बनाम आज की बेचैनी

हमारे पूर्वजों के लिए सुख का अर्थ था — शांति।
उनकी जीवन–नीति थी — 'सादा जीवन, उच्च विचार।'
हमने उसे बदल दिया है —
'महंगा जीवन, दिखावटी विचार।'

### आज का सुख बन गया है

- ईएमआई में डूबे चेहरे, जो नई कार की सेल्फी में मुस्कराते हैं, लेकिन भीतर से टूटा मन लिए चलते हैं।
- ब्रांडेड रिश्ते, जहाँ स्नेह नहीं, पैकेजिंग देखी जाती है।
- 'हैप्पी मैरिड' स्टेटस, लेकिन घर में हफ़्तों संवाद नहीं होता।
- रील्स की हँसी, लेकिन ज़िंदगी में डिप्रेशन की दवाइयाँ।

### कुछ ज़रूरी सवाल

- क्या हमारी ख़ुशी अब नेटवर्क की स्पीड और कैमरे के फिल्टर पर निर्भर हो गई है?
- क्या अब 'गुड मॉर्निंग' एक फॉरवर्ड मैसेज है — भावना नहीं?
- क्या अब बच्चों की आवाज़ मोबाइल के नोटिफिकेशन से भी कम सुनाई देती है?

### तो असली सुख कहाँ है?

- माँ–बाप की आँखों की थकान में जो सुकून का साया होता है।
- बच्चों के साथ बिताया गया वो समय, जिसमें कोई स्क्रीन नहीं होती।
- वो रिश्ते, जो आपकी असफलताओं में भी साथ नहीं छोड़ते।
- और वो 'ना', जो आपने किसी और के लिए नहीं, अपने लिए कहा हो।

सुख कोई ऐप नहीं है, जिसे डाउनलोड कर लिया जाए।
यह एक जीवनशैली है —
जहाँ अपेक्षाएँ कम हों, आभार अधिक।
जहाँ दूसरों से प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि खुद से संवाद हो।
जहाँ ज़िंदगी कोई 'पोस्ट' नहीं — बल्कि एक अनुभव हो।
धार्मिक पाखंड, राजनीतिक प्रपंच, और डिजिटल शोरगुल के इस ज़माने में —
अगर आप सच्चे सुख की तलाश में हैं,
तो पहले अपने भीतर के 'मौन' को सुनना शुरू कीजिए।
'सुख वह नहीं जो दिखाया जाए —
सुख वह है, जो भीतर से बहता है।
और दुख की बात यह है कि आजकल लोग 'महसूस' करना भूलते जा रहे हैं।'

# मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाकों का फैसला और उठते सवाल

-ललित गर्ग-





11 जुलाई 2006 को मुंबई की भीड़भरी लोकल ट्रेनों में हुए सीरियल बम धमाकों ने समूचे देश को झकझोर कर रख दिया था। पीडित परिवारों के साथ–साथ जन–जन को आहत किया था। 7 जगहों पर हुए इन धमाकों में 187 निर्दोष लोगों की जान गई और 824 से ज्यादा लोग घायल हुए। यह भारत के सबसे बड़े आतंकी हमलों में से एक था। लेकिन इन बम धमाके को लेकर सोमवार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया, कोर्ट ने विशेष मकोका अदालत की ओर से 12 अभियुक्तों को दी गई सजा को गैरकानूनी करार दिया। इन सभी आरोपियों का बरी हो जाना सवाल के साथ–साथ चिन्ता भी पैदा करता है। इसीलिये करीब 19 साल बाद आए अदालत के इस फैसले को लेकर न केवल कानूनी दायरे में, बल्कि सामाजिक व नैतिक दृष्टिकोण से भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। क्योंकि बॉम्बे हाई कोर्ट के इस फैसले के बाद सवाल वहीं घूमकर आ जाता है कि इतने बड़े नुकसान का दोषी कौन है?

लम्बी न्यायिक प्रक्रिया एवं जांच के बाद 2015 में मुंबई की विशेष मकोका अदालत ने 12 अभियुक्तों को दोषी करार दिया, जिसमें से 5 को फांसी और 7 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। यह फैसला लगभग 8 वर्षों की सुनवाई, 250 से ज्यादा गवाहों और हजारों पन्नों की गवाही के बाद आया। लेकिन 2023 और फिर 2025 में कुछ सिविल सोसाइटी संगठनों, मानवाधिकार समूहों और कुछ कानूनी विशेषज्ञों ने फैसले पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कुछ दोषियों को पर्याप्त सबूतों के बिना फंसाया गया, पुलिस की जांच पक्षपातपूर्ण रही और कई जगह कानून के दायरे का अतिक्रमण किया गया। इसी को आधार बनाकर हाईकोर्ट में जिस तरह से एक–एक करके सारे सबूतों की धज्जियां उड़ायी, उससे पूरे सिस्टम को लेकर संदेह उठता है। जब इतने अहम मामले में इतनी लचर एवं लापरवाहीपूर्ण जांच हुई, तो फिर दूसरे तमाम केस में क्या होता होगा? गवाहों के बयान दर्ज करने से लेकर सबूत जुटाने तक, हर जगह लापरवाही एवं कौताही बरती गई।

कानून की दृष्टि में अपराध केवल घटना नहीं, उस घटना के पीछे की मंशा, सबूतों की पुष्टि, प्रक्रिया की शुद्धता और निष्पक्षता का भी मूल्यांकन करता है। दोषी को सजा मिलनी चाहिए–यह एक सार्वभौमिक सिद्धांत है, लेकिन निर्दोष को दंड न मिले–यह उससे भी अधिक महत्वपूर्ण नैतिक सिद्धांत है।

भारतीय दंड संहिता, मकोका और गैरकानूनी गतिविधियाँ रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) जैसे सख्त कानून आतंकवाद से निपटने के लिए बनाए गए, लेकिन इनका उपयोग अक्सर राजनीतिक प्रभाव, मीडिया ट्रायल, या जनभावनाओं को शांत करने के लिए किया गया है। ट्रेनों में हुए सीरियल बम धमाकों के मामले में अनेक ज्वलंत सवाल खड़े हुए हैं कि क्या सभी दोषियों को वास्तव में पर्याप्त प्रमाणों के आधार पर दोषी ठहराया गया है? यदि नहीं, तो यह न्याय व्यवस्था के लिए एक गंभीर प्रश्न है। क्या पुलिस या जांच एजेंसियों ने निष्पक्ष जांच की? कई बार जांच एजेंसियों पर 'नतीजे पहले, जांच बाद में' का आरोप लगा है। क्या विशेष अदालतों का गठन निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करता है या त्वरित दंड की नीति अपनाता है?

क्या कानून केवल सख्ती का पर्याय बन गया है या उसमें मानवीय संवेदना का स्थान है? क्या मीडिया ट्रायल ने वास्तविक न्याय को प्रभावित किया? इन प्रश्नों के उत्तर मिलना ही चाहिए। देश के सामने आतंकवाद के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की चुनौती है, तो वहीं न्याय की नैतिकता बनाए रखने की भी जिम्मेदारी है। अगर कानून का इस्तेमाल अन्याय के लिए किया गया, तो आतंकवाद के खिलाफ जंग की नैतिकता ही सवालों में पड़ जाएगी। न्याय केवल प्रतिशोध नहीं, बल्कि नैतिक और विधिसम्मत संतुलन का नाम है।

जो निर्दोष है, उसे दोषमुक्त करना और जो दोषी है, उसे यथोचित दंड देना– यही कानून का आदर्श उद्देश्य है। मुंबई बम धमाके जैसी वीभत्स घटनाएं देश के लिए चुनौती हैं, लेकिन इन चुनौतियों से निपटने के नाम पर अगर हम न्याय और कानून के मूलभूत सिद्धांतों से समझौता करते हैं, तो हम एक असुरक्षित और अन्यायपूर्ण समाज की नींव रखेंगे।

आवश्यक है कि न्याय केवल न्यायालयों की प्रक्रिया न रहे, वह जनविश्वास का प्रतीक बने।

एक बड़ा सवाल है कि न्याय व्यवस्था पर भरोसा कैसे बना रहे? इसके लिये जरूरी है कि जांच प्रक्रिया पारदर्शी हो, आरोपों की पुष्टि डिजिटल और वैज्ञानिक सबूतों से हो।

अदालतें किसी दबाव, राजनीतिक प्रभाव या जनभावना से परे निर्णय लें। न्याय में देरी भी अन्याय है, लेकिन जल्दबाजी में न्याय भी गलत निर्णय की आशंका बढ़ाता है। सभी मामलों में उच्च न्यायालय व सर्वोच्च न्यायालय में स्वतंत्र और निष्पक्ष पुनरावलोकन की व्यवस्था रहे। निचली अदालते हो या सर्वोच्च अदालते– न्यायिक फैसलों का बदलना न्यायिक प्रक्रिया की विश्वसनीयता एवं निष्पक्षता के लिये गंभीर चुनौती है। ऐसे अनेक मामले हैं जिनमें निचली अदालतों में दिये गये मौत की सजा को ऊपरी अदालतों ने बदल दिया। जांच में खामियों, गवाही में कमी और कमजोर सबूतों के चलते ऊपर की अदालतों में केस खारिज होते हुए बार–बार देखे गये हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने हाल में एक आरोपी की मौत की सजा को खारिज करते हुए कहा कि 'जब दांव पर इंसानी जिंदगी लगी हो और उसकी कीमत खून हो, तो मामले को पूरी ईमानदारी से देखा जाना चाहिए।' दुर्भाग्य से मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए सीरियल बम ब्लास्ट की जांच में इस भावना का सही से पालन नहीं किया गया। इस मामले में सभी आरोपियों का बरी हो जाना न केवल न्याय प्रक्रिया पर बल्कि जांच एजेंसियों पर सवाल पैदा करता है। प्रश्न है कि अगर 12 लोग निर्दोष थे तो इतने बरसों तक आतंकी होने का दाग लिए जिल्लत की जिंदगी क्यों जीते रहे? अगर ये दोषी थे तो जांच इतनी कमजोर क्यों हुई? यह केस निचली अदालतों के कामकाज के तरीकों पर भी बड़ा सवालिया निशान है। सबूतों को लेकर इतने संदेह थे, लेकिन निचली अदालत ने उन पर गौर नहीं किया। यह विडम्बनापूर्ण एवं हमारी न्याय प्रक्रिया की विसंगति ही है।

यह पहला मामला नहीं, जहां जांच में खामियों, गवाही में कमी और कमजोर सबूतों के चलते ऊपर की अदालतों में केस खारिज हो गया हो। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पिछले हफ्ते तीन लोगों की मौत की सजा रद्द करते हुए उन्हें हत्या के आरोपों से बरी कर दिया था।

पिछले ही हफ्ते सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने भी 2011 में हुई दोहरी हत्या और रेप के आरोपी को छोड़ने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने जांच में गंभीर कमियां गिनाई थीं। इसी दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया था कि झूठे मुकदमों की वजह से जिन्हें लंबा समय जेल में बिताना पड़ा है, उन्हें मुआवजा देने के लिए कानून बनाने पर विचार करना चाहिए।

अब मुंबई लोकल ट्रेन ब्लास्ट केस को लेकर महाराष्ट्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। महाराष्ट्र सरकार लोकल ट्रेन बम धमाके में आरोपियों को निर्दोष छोड़ने के बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुए अपील दायर की है। देश उम्मीद करता है कि इस बार तथ्यों को सही ढंग से रखा जाएगा। यह केवल एक केस नहीं, न्याय व्यवस्था पर आम लोगों के यकीन का मामला है।

भारत में न्याय प्रणाली पर आम धारणा है कि पुलिस और अदालतें लोगों की जिंदगी को तबाह कर देती हैं, वर्षों लम्बी न्याय प्रक्रिया झेलने के बाद भी लोगों को समुचित न्याय नहीं मिल पाता है।

न्याय में देरी न्याय के सिद्धांत से विमुखता है, न्याय प्राप्त करना और इसे समय से प्राप्त करना किसी भी आदर्श न्याय व्यवस्था में आम व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार होता है। न्याय सिर्फ होना ही नहीं चाहिये बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिये।

## अपने ही घर में अपनों से पराए हो रहे बुजुर्ग : किसे है फिक्र?

हमारे देश में परिवार और समाज की जैसी परंपरा रही है, उसमें कई बार ऐसी बातों पर विश्वास करना मुश्किल हो जाता है कि कोई संतान ही अपने माता–पिता की न सिर्फ संवेदनात्मक जरूरतों, बल्कि अधिकारों तक से वंचित करने की कोशिश करने लगती है। ऐसे में सरकार और अन्य संबंधित महकमों का दखल जरूरी होता है, ताकि एक नागरिक के रूप में बुजुर्गों के अधिकारों का हनन रोका जा सके।

इस लिहाज से देखें, तो हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने उचित ही एक बुजुर्ग दंपति के पक्ष में निर्देश जारी करते हुए कहा है कि माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण–पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत वरिष्ठ नागरिक अपने बच्चों से भरण–पोषण का दावा करने के हकदार हैं और धारा–23 के तहत देखभाल की शर्त पर हस्तांतरित की गई किसी भी संपत्ति को देखभाल नहीं किए जाने की स्थिति में अमान्य घोषित किया सकता है। साथ ही, धारा– 24 के तहत वरिष्ठ नागरिक को त्याग देना दंडनीय अपराध है।

गौरतलब है कि हरियाणा के पंचकूला में अपने बेटे और बहू के साथ एक घर में रहने के बावजूद एक बुजुर्ग दंपति को अलग–थलग रखा गया, उन्हें अपशब्द कहे गए, उनकी आवासीय संपत्ति का स्वामित्व हस्तांतरित करने के लिए दबाव डाला गया, झूठा मामला दर्ज कराया गया और उनसे वृद्धाश्रम तक चले जाने को कहा गया।


समाज जैसे–जैसे आधुनिक होता जा रहा है, उसमें उम्मीद इस बात की भी थी कि वह मानवीय मूल्यों को भी समृद्ध करेगा। मगर वक्त के साथ हुआ यह है कि माता–पिता के त्याग की नींव पर सभी तरह की सुख–सुविधाएं हासिल करने वाली नई पीढ़ी मां–पिता का न्यूनतम खयाल रखना भी जरूरी नहीं समझती।

दूसरी ओर, परिवारों में कई स्तर पर उपेक्षा झेलने वाले बुजुर्गों के लिए ऐसे वृद्धाश्रम भी गिनती के हैं, जहां वे कम से कम संतोषजनक तरीके से अपना बचा जीवन काट सकें। यह एक अफसोसनाक तस्वीर है कि माता–पिता अपने जिन बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए अपनी जिंदगी झोंक देते हैं, उनके सुख के लिए अपने जीवन की न्यूनतम सुविधाओं तक को छोड़ देते हैं, वे बुढ़ापे का सहारा बनने के बजाय कई बार उनके लिए दुख का कारण बन जाते हैं।





# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3599




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




### काकुरो - 3598 का हल



## हंसी के फूव्वारें

अपराधी का पहला अपराध होने के कारण न्यायाधीश ने उसे क्षमा करते हुए कहा-'हमें पूरा विश्वास है तुम कभी यहां दिखाई नहीं दोगे.'

हां हजूर, मेरी कोशिश होगी कि पुलिस मुझे न पकड़ सके और फिर कभी मैं यहां न दिखाई दूँ.

□ □ □

'अरे यह क्या? आप कहां से आ रहे हैं? कपड़े फटे हुए हैं. खून निकल रहा है, सिर पर चोट लगी है. चलो आपको घर पहुंचा दूं.' मित्र ने संवेदनाभरे स्वर में कहा.

नहीं, नहीं मैं घर नहीं जाऊंगा, घर से ही आ रहा हूँ, घायल ने शीघ्रतापूर्वक कहा.

□ □ □

एक यात्री ने बड़े तेज स्वर में रेलवे के स्टेशन मास्टर से शिकायत कि-चालीस मिनट हो गये, ट्रेन अभी तक नहीं पहुँची.

स्टेशन मास्टर ने कहा-घबराइये नहीं, यह टिकट चौबीस घण्टे तक चल सकता है.

□ □ □

क्या आप जानते हैं कि नाव को स्त्रीलिंग क्यों माना जाता है?


'क्योंकि नाव हवा के साथ-साथ अपना रुख बदलती रहती है.'

□ □ □

शिक्षक: पानी पर मच्छर क्यों बैठते हैं?

राजीव: इसलिए कि पानी उड़ न जाये.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3599



### बायें से दायें:-

१. संजीव कुमार, वहीदा रहमान की 'ऐ मेरी आँखों के पहले सपने' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'चलो एक बार फिर से अजनबी बन जायें' गीत वाली फिल्म-४
६. ऋषि, श्रीदेवी की 'भूली बिसरी प्रेम कहानी' गीत वाली फिल्म-३
८. 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
१०. जीतेंद्र, आदित्य, संगीता की १९९३ की एक फिल्म-५
१३. ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
१४. 'किसी को किसी' गीत वाली राजेश खन्ना, स्मिता की फिल्म-३
१६. शाहरूख, पूजा भट्ट, रम्या की फिल्म-३
१९. विवाह से पूर्व टीना अंबानी का सरनेम क्या था-३
२१. अमोल, जरीना की 'दो दीवाने शहर में' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'सरकाय लेओ' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-२,२
२४. अनिल कपूर, अक्षय खन्ना, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२६. 'वो कागज की कश्ती' गीत वाली कुमार गौरव, अनामिका की फिल्म-२
२७. संजय दत्त, कुमार गौरव, पूनम की 'तेरे दिल की तू' गीतवाली फिल्म-२
२९. 'मैं लव तुम से' गीत वाली तुषार कपूर, अंतरा माली की फिल्म-३
३१. सुनील दत्त, नूतन की 'बड़ी देर भई नंदलाला तेरी राह तके ब्रजबाला' गीत वाली फिल्म-४
३२. 'दिल हूम हूम करे' गीत वाली राज बब्बर, राखी, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-३
३३. धर्मेंद्र, हेमा मालिनी की 'ओ ऐसी कोई बात' गीत वाली फिल्म-१

### ऊपर से नीचे:-

१. दिलीप कुमार, वैजयंती की फिल्म-४
२. 'मेरो गाम काथा पारे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'सरकी चुनरिया रे' गीत वाली फिल्म-२
४. डिनो मारिया, बिपाशा बसु की 'रूठ कर हम उन्हें भूल जाने लगे' गीत वाली फिल्म-३
५. फिल्म 'आज का अर्जुन' में 'लक्ष्मी' की भूमिका किस अभिनेत्री ने की थी-३
७. राजेंद्र कुमार, माला सिन्हा की फिल्म-२
९. 'मेरे चेहरे पे' गीत वाली फिल्म-३
११. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३
१२. अमोल, राखी की 'जो राह चुनी तूने राही' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'कभी खुशियों की सरगम' गीत वाली अमिताभ, अरबाज, डिम्पल की फिल्म-४
१६. वी. शांताराम की प्रेमकुमार, मास्टर सुशांत, रंजना, गौरी कामथ अभिनीत फिल्म-२
१७. 'प्यार कर इकरार कर' गीत वाली बॉबी देओल, अक्षय, अमीषा की फिल्म-४
१८. अक्षय कमार, प्रीति जिंटा की फिल्म-३
१९. 'लल्ला लल्ला लोरी दूध की' गीत वाली फिल्म-२
२०. फिल्म 'गॉड मदर' में शीर्षक भूमिका किसने निभाई है-३
२३. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
२५. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की फिल्म-३
२६. 'जिन्हें हम भूलना चाहें वो अक्सर याद आते हैं' गीत वाली फिल्म-३
२८. मनोज वाजपेई, उर्मिला मातोंडकर अभिनीत रामगोपाल वर्मा की एक सस्पेंस फिल्म-३
३०. 'माई हार्ट इज बीटिंग गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3598



## सूडोकु -3599

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3598 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |

## शब्द पहेली - 3599



### बाएँ से दाएँ

1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

### ऊपर से नीचे

1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

### शब्द पहेली -3598 का हल



# नोएडा सुसाइड मामले में सुप्रीम कोर्ट की टीम पहुंची यूनिवर्सिटी

## पुलिस टीम से ली जानकारी, सोमवार को लिया था स्वत: संज्ञान, अब तक छह निलंबित



**नोएडा।** नोएडा में बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (बीडीएस) की छात्रा ज्योति के सुसाइड मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की टीम मंगलवार को शारदा यूनिवर्सिटी पहुंची। टीम के सदस्य पुलिस से भी मिले और मामले की जानकारी जुटाई।

### अब तक दो गिरफ्तार, छह निलंबित

शारदा यूनिवर्सिटी के मंडेला गर्ल्स हॉस्टल में शुक्रवार की शाम गुरुग्राम की रहने वाली बीडीएस की छात्रा ज्योति शर्मा ने फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी। सुसाइड नोट में फैकल्टी पर मानसिक रूप से उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था।

पुलिस ने महिला प्रोफेसर सैरी वशिष्ठ और प्रोफेसर महेंद्र सिंह चौहान को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि विश्वविद्यालय प्रशासन ने दोनों प्रोफेसर, डीन और एचओडी समेत सभी छह नामजद प्रोफेसरों को निलंबित कर दिया।

### स्वत: लिया था संज्ञान

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मामले का स्वत: संज्ञान लेते हुए यूपी सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। मामले की जांच के लिए एडवोकेट अपर्णा भट्ट को न्याय मित्र नियुक्त किया गया है।

न्यायालय द्वारा गठित टीम ने विश्वविद्यालय पहुंचकर प्रकरण की जानकारी ली। पुलिस अधिकारियों से भी इस संबंध में बातचीत की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट की एक टीम विश्वविद्यालय आई थी। पुलिस से भी घटना के बारे में जानकारी ली गई है।

### सबूत जुटाने में जुटी पुलिस

नॉलेज पार्क थाना पुलिस घटना से जुड़े सबूत इकट्ठा कर रही है। ग्रेटर नोएडा के एडीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि पुलिस की टीम ने घटनास्थल से सीसीटीवी की फुटेज कब्जे में ली है। इसके साथ ही उन वीडियो फुटेज की भी जांच की जा रही।

## पिता पर बेटियों से छेड़छाड़ का आरोप

**दनकौर।** गांव निवासी नाबालिग बेटी ने पिता पर छेड़छाड़ और बदतमीजी करने का आरोप लगाया है। उसका आरोप कि पिता उसकी शादीशुदा बहन भी दुर्व्यवहार करता है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नाबालिग पीड़िता अपनी बुआ के साथ बुधवार को दनकौर कोतवाली पहुंची। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका पिता शराब पीता है। वह घर का सामान बेच देता है। विरोध करने पर उसके और उसकी बहन के साथ बदतमीजी और छेड़छाड़ करता है। उसकी मां की आठ साल पहले मृत्यु हो गई थी। पीड़िता नौवीं क्लास की छात्रा है। पिता के मानसिक रूप से परेशान करने से उसकी पढ़ाई छूट गई।उसने पुलिस को बताया कि बड़ी बहन की शादी हो गई थी। ससुराल में जाकर भी आरोपी पिता ने उसके साथ छेड़छाड़ की। जिस कारण ससुराल वाले उसकी बहन को गांव छोड़ गए। पिता द्वारा छेड़छाड़ के कारण ही ससुराल वाले उसे घर नहीं ले जा रहे। पीड़ित पहले भी वह इस मामले की शिकायत कर चुकी है, लेकिन पिता की हरकतों में कोई सुधार नहीं आया। पीड़िता ने इस मामले में पुलिस को लिखित शिकायत की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नोएडा में बारिश, सड़कों पर भरा पानी

## लोगों को आने-जाने में हो रही परेशानी, तीन दिन हल्की बारिश होने की संभावना







**नोएडा।** नोएडा में सुबह से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। इससे कई सड़कों पर जलभराव हो गया है। नोएडा के सेक्टर-62, 63 और सेक्टर-12, नोएडा स्टेडियम के सामने वाली एमपी-1 रोड पर जलभराव हुआ है। इससे वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है।

ये स्थित तब है जब यहां नालों नालियों की साफ-सफाई पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे है। हाल ही में नोएडा को गोल्डन सिटी और 3 से 10 लाख की आबादी में प्रथम स्थान मिला है। उसके बाद भी सड़कों पर जलभराव की समस्या हो रही है।

नोएडा में पीक आवर में बारिश की वजह से वाहन चालकों को जाम की सामना करना पड़ा। सेक्टर-62 में घुटनों तक पानी भर गया। यहां पंप लगाकर पानी की निकासी की जा रही है। इसी तरह नोएडा स्टेडियम के बाहर भी पंप लगाकर पानी की निकासी की जा रही है। वहीं कई सिग्नल खराब हो गए है। जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

मौसम विभाग का कहना है कि आगामी 26 जुलाई तक हल्की बारिश के बाद 27 और 28 और गरज के साथ बारिश के आसार है। इसकी वजह बंगाल की खाड़ी में एक नए विक्षोभ का एक्टिव होना है।

प्राधिकरण ने दावा किया था कि इस बार सड़कों पर जलभराव की समस्या नहीं होगी। लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा। बारिश से सड़कों पर जलभराव हुआ। अब उसकी निकासी की जा रही है। नोएडा में अधिकतम तापमान 33 डिग्री रिकार्ड किया गया। बारिश के बाद चार से पांच डिग्री तक तापमान में कमी आई। इससे लोगों ने गर्मी से राहत मिली। हालांकि वातावरण में नमी का मात्रा 80 प्रतिशत है। हवा की रफ्तार 5 किमी प्रतिघंटा है।

### मिट्टी में दबने से मजदूर की मौत

सेक्टर-44 स्थित छलेरा गांव के डी ब्लॉक में निर्माणाधीन गोदरेज रिवराइन सोसाइटी में बोरवेल की मशीन पर काम रहे मजदूर की मिट्टी में दबने से मौत हो गई। साथी कामगार आनन फानन में मजदूर को लेकर जिला अस्पताल भागे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने इस संबंध में अभी तक सेक्टर-39 थाने में शिकायत नहीं दी है। पुलिस शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

थाना प्रभारी ने बताया कि एटा के मथुरा गांव का 19 साल के अर्जुन शुक्ला दो महीने पहले रोजगार की तलाश में नोएडा आया था। कई दिन तक उसे काम नहीं मिला। इसके बाद वह अलग-अलग साइटों पर जाकर काम करने लगा।

मंगलवार को शाम साढ़े पांच बजे के करीब जब वह सेक्टर-44 स्थित निर्माणाधीन गोदरेज रिवराइन बिल्डिंग में बोरवेल की मशीन पर काम कर रहा था। तभी अचानक मिट्टी खिसकने से वह नीचे गिरकर उसमें दब गया।

# युवक ने पार्क में पेड़ से लटक कर दे दी जान



**ग्रेटर नोएडा।** थाना नॉलेज से 50 मीटर की दूरी पर युवक ने पार्क में पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली। लोगों ने पेड पर लटके शव को देख पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दे कि पार्क में पेड़ पर फंदे से लटक रहा शव 25 वर्षीय अजय पुत्र ओम प्रकाश का है जो तुगलपुर थाना नॉलेज पार्क का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार अजय परिवारिक कलह से परेशान था घर में हुई किसी बात से नाराज होकर निकला था पार्क मे जा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस की फील्ड यूनिट ने मौके पर पहुंच कर शव को फंदे उतारा, शव का पंचायतनामा भर कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। मृतक के परिवार वालों सूचना दे दी गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नोएडा मेट्रो में बीटेक स्टूडेंट से मिले 5 कारतूस

## इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन पर स्कैन के दौरान बैग में मिले, बोला पार्क में पालीथीन में थे




**नोएडा।** सेक्टर-63 स्थित इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन पर एक बार फिर यात्री के पास से कारतूस मिलने का मामला सामने आया है।

गाजियाबाद निवासी बीटेक के छात्र के बैग से 19 जुलाई को पांच कारतूस मिले हैं। पकड़े जाने पर सेक्टर-63 थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि 19 जुलाई की शाम इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन पर तैनात स्टेशन कंट्रोलर राम किशोर सिंह ने सूचना दी कि एक युवक के बैग से पांच कारतूस बरामद हुए हैं। सूचना पर पुलिस टीम पहुंची और युवक को हिरासत में ले लिया।

युवक की पहचान गाजियाबाद के विजय नगर निवासी यश के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक युवक के पास से पांच कारतूस बरामद हुए हैं।

सभी कारतूस की पेंदी पर 8एमएमकेएफ लिखा था। पांचों कारतूस की पेंदी पर चोट के निशान बने हुए थे। देखने से कारतूस काफी पुराने थे।

पूछताछ में युवक ने पुलिस को बताया कि वह बीटेक का छात्र है। उसे यह कारतूस कुछ दिन पहले गाजियाबाद के एक पार्क में पालीथीन में रखे हुए मिले थे, उसने इन्हें बैग में रख लिया था। वह सेक्टर-63 स्थित एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। मेट्रो में बैग लेकर जाने के दौरान पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी को जमानत पर छोड़ दिया, लेकिन यह पता लगाने में जुटी है कि अवैध कारतूस रखने के पीछे युवक की कोई और मंशा तो नहीं।

### पहले भी मिला था कारतूस

16 जुलाई को दिल्ली निवासी एक महिला के बैग से नौ एमएम का कारतूस इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन पर चेकिंग के दौरान बरामद हुआ था। हालांकि महिला का कहना था कि उसे कारतूस के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

## शार्ट न्यूज

### ग्रेटर नोएडा में पतंग उड़ाते वक्त हादसा

**जेवर।** दनकौर के सरकारी अस्पताल के पास एक खुले ट्रांसफॉर्मर से करंट लगने की घटना सामने आई है। बड़ा मोहल्ला निवासी संजीव का 9 वर्षीय बेटा कृष मंगलवार शाम पतंग उड़ा रहा था। पतंग ट्रांसफॉर्मर के पास जाने पर उसे लेने गया बच्चा करंट की चपेट में आ गया। घायल बच्चे को पहले ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे दिल्ली रेफर कर दिया। पीड़ित के मामा प्रिंस ने बताया कि हादसे में बच्चे का एक हाथ बुरी तरह प्रभावित हुआ है। परिवार का आरोप है कि यह हादसा बिजली विभाग की लापरवाही का नतीजा है। विभाग ने ट्रांसफॉर्मर को खुले में रखा है और उसकी लोहे की जाली भी खराब स्थिति में है। परिजनों ने इस मामले में पुलिस से शिकायत करने की बात कही है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने कहा कि अभी तक कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है।

### सड़क पर चलती कार में अचानक लगी आग

**नोएडा। वकार सैफी।** थाना सेक्टर 142 क्षेत्र ने एडवांट के पास नोएडा- ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे उस समय हड़कंप मच गया जब नोएडा की तरफ आ रही टाटा सफारी कार में आग लग गई, और आग ने देखते देखते भीषण रुप धारण कर लिया। आग को देख कर ड्राइवर ने समय रहते कार से कूदकर अपनी जान बचाई। बता दे कि बारिश के बीच धू-धू कर नोएडा- ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर एडवांट बिल्डिंग के पास जलती कार के में आग लगने का वजह साफ नही है। लेकिन माना जा रहा है कि आग शार्ट-सर्किट होने से लगी होगी। अचानक आग लगने सड़क पर अफरा-तफरी मच गई, आग को देख कर ड्राइवर ने समय रहते कार से कूदकर अपनी जान बचाई। लोगों ने कार में आग लगने सूचना फायर बिग्रेड और पुलिस को दी। थाना सेक्टर 142 की पुलिस और फ़ायर बिग्रेड मौके पर पहुंच गई।

### चार हजार हेक्टेयर का लैंडबैंक तैयार होगा

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण चार हजार हेक्टेयर का लैंडबैंक तैयार करेगा। इसके तहत जापानी और कोरियन सिटी स्थापित करने के लिए जमीन खरीदी जाएगी। साथ ही, अन्य विकास परियोजनाओं को भी गति मिल सकेगी। उम्मीद है कि अगले कुछ समय में किसानों से जमीन मिलते ही महत्वपूर्ण परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। निवेशकों को जापानी और कोरियन सिटी के प्लान के बारे में भी अवगत कराया जा रहा है। इसके लिए कई कंपनियों ने यमुना प्राधिकरण और शासन स्तर पर इवेस्ट यूपी में संपर्क भी किया है। इसके अलावा सेक्टर-8, 10, सेक्टर-32, 33, 29, 30 और अन्य कई सेक्टरों के लिए जमीन खरीदी जा रही है।वहीं, सेक्टर 18 और 20 के ऐसे आवंटी, जिन्हें सालों पहले प्लॉट का आवंटन हुआ था, लेकिन अब तक प्लॉट नहीं मिला था, उनके मसले भी अब हल किए जाएंगे।

### महापंचायत के लिए किसानों को एकजुट किया

**दनकौर।** सलारपुर अंडरपास के समीप 30 जुलाई को होने वाली किसान महापंचायत के लिए किसान एकता महासंघ ने क्षेत्र के तीन गांव में जनसंपर्क कर किसानों को एकजुट किया। राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी बाली सिंह और अध्यक्ष रमेश कसाना के नेतृत्व में ननुआ का राजपुर गांव के और अमरपुर गांव में बैठक की। प्रदेश प्रभारी पप्पू प्रधान ने बताया कि महापंचायत के लिए गांव -गांव जाकर लोगों से जनसंपर्क किया जा रहा है। महापंचायत को सफल बनाने के लिए लोगों से अपील की जा रही है। अमरपुर गांव में हुई बैठक में संगठन का विस्तार भी किया गया। विपिन नागर को जिला सचिव, राहुल नागर युवा जिला उपाध्यक्ष, विक्रम नागर तहसील सचिव, डॉ ललित नागर को जिला प्रभारी चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं प्रेम सिंह नागर व रामप्रसाद सिंह को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया।

### स्कूल बसों में महिला परिचालकों की तैनाती जरूरी

नोएडा। जिले के स्कूल बसों में छात्राओं की सुरक्षा के लिए महिला परिचालक की तैनाती अनिवार्य कर दी गई है। 23 जुलाई को इस संबंध में प्रदेश के परिवहन आयुक्त बीएन सिंह ने एक कार्यालय आदेश जारी किया। इसे परिवहन विभाग ने नोएडा-ग्रेटर नोएडा के सभी स्कूलों को भेज दिया है। एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पांडे ने कहा कि एक से 15 जुलाई तक विशेष जांच अभियान चलाया गया था। इसमें कई स्कूल वाहनों में कमियां मिलीं।उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों को विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति का गठन करना होगा।

# नोएडा में ठेकेदार कंपनी पर लगाया एक लाख का जुर्माना

## जलभराव होने पर किया निरीक्षण, निकासी के लिए नाले किए जाए चौड़े



**नोएडा।** शहर में जलभराव का कारण तलाशने बुधवार को अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय कुमार खत्री सड़क पर उतरे, उन्होंने एपी वन, टू, थ्री मार्ग, जोनल रोड नंबर-6, सेक्टर-55, 56, 57, 58, 60, 62 एवं 63 का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ महाप्रबंधक (जन स्वास्थ्य) एसपी सिंह, उपमहाप्रबंधक (सिविल) विजय कुमार रावल, परियोजना अभियंता प्रथम गौरव बंसल, सहायक परियोजना अभियंता अरुण कुमार उपस्थित रहें। इस मौके पर नालों की चौड़ाई बढ़ाने के निर्देश दए। संजय कुमार खत्री ने देखा कि सेक्टर-60 की और से आने वाले मुख्य नाले के पानी का फ्लो सही पाया गया, लेकिन नाले पर बनी कलवर्ट से आगे पानी का फ्लो धीरे है। इस पर कलवर्ट की मैपिंग करा कलवर्ट को ठीक कराए जाने का निर्देश दिया। सेक्टर-58 में भूखंड संख्या सी-29 के सामने मार्ग पर गंदगी एवं जलभराव मिला, ठेकेदार कंपनी एसपी गावर्मेंट कांट्रेक्टर एंड सप्लायर पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया।

### नालों पर दोबारा लगाए जाए कवर

नालों की सफाई के लिए हटाए गए एसएफआरसी कवर को दोबारा नाले रखने के निर्देश दिए गए। जोनल रोड नंबर-6 के साथ बने मुख्य नाले का निरीक्षण में अधिक मात्रा में फ्लोटिंग मटेरियल एवं सिल्ट भरी हुई मिली, तत्काल प्रभाव से सफाई कराने को निर्देशित किया गया। निरीक्षण में सेक्टर-1 से 8, 55, 56, 57, 58, 59, 60, 62 एवं 63 में निर्मित कल्वर्ट का लेवल नीचा है, ऐसे कल्वर्ट का निरीक्षण कर चिह्नित कर लिया जाए व आईआईटी रूड़की से लेवल का परीक्षण करा लिया जाए। नालों की चौड़ाई बढ़ाई जाए।

## महाशिवरात्रि पर मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु



**गौतम बुद्ध नगर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आज देशभर के शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। ग्रेटर नोएडा के मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। ग्रेटर नोएडा के कमालपुर गांव के शिव मंदिर में हरिद्वार से कांवड़ लेकर आए श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। मंदिर में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। कांवड़िया सोहनपाल ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से हरिद्वार से कांवड़ लाकर गांव के मंदिर में जलाभिषेक करते आ रहे हैं। उन्होंने कांवड़ यात्रा के दौरान सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। सभी शिव मंदिरों में भक्तों का उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा के साथ भगवान शिव की पूजा-अर्चना की।

# पुलिस और बाइक सवार बदमाशों के बीच मुठभेड़

## पैर में गोली लगने से दो घायल



**नोएडा। वकार सैफी।** थाना सेक्टर 113 पुलिस और बाइक सवार बदमाशो के बीच में हुई मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए। इन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस में बदमाशों के कब्जे से अवैध हथियार, टूटी हुई सोने की चेन और फर्जी नंबर प्लेट लगी चोरी की बाइक बरामद है। बता दे कि मुठभेड़ में घायल बदमाशों की पहचान गाजियाबाद निवासी रविंद्र कसाना उर्फ बल्लू और दिल्ली निवासी पुनीत अरोड़ा के रूप में हुई है। डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि थाना सेक्टर 113 पुलिस थाना क्षेत्र में एक निजी अस्पताल के पास चेकिंग कर रही थी, तभी सामने से आ रहे दो संदिग्ध मोटरसाइकिल सवारों को देख रोकने का प्रयास किया। बदमाश पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने लगे, पुलिस की तरफ से की गई जवाबी कार्रवाई में, गोली लगने से दोनों घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। डीसीपी ने बताया कि पूछताछ से पता चला कि दोनों शातिर किस्म के चेन स्नेचर है। रविंद्र कसाना उर्फ बल्लू के खिलाफ चीन स्नेचिंग के 15 मुकदमे दर्ज हैं और पुनीत अरोड़ा के खिलाफ अलग-अलग थानों में 13 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से अवैध तमंचा कारतूस लूटी हुई दो सोने की चेन, फर्जी नंबर प्लेट लगी चोरी की बाइक बरामद की है।

## निर्बाध आपूर्ति के लिए उपकेंद्र वैकल्पिक लाइन से जुड़ेंगे

**नोएडा।** जिले के सभी 4.45 लाख बिजली उपभोक्ताओं को दो लाइनों से बिजली मिलेगी। निर्बाध आपूर्ति के लिए 33/11 केवी के उपकेंद्रों को एक और वैकल्पिक लाइनों से जोड़ा जाएगा। एक लाइन बाधित होने पर दूसरी से बिजली आपूर्ति दी जाएगी। विद्युत निगम ने इसके लिए सर्वेक्षण का कार्य शुरू कर दिया है। सिंगल लाइन से जुड़े उपकेंद्र और उपभोक्ताओं को चिन्हित किया जा रहा है। अभी कुछ इलाकों में एक लाइन से आपूर्ति होती है। ऐसे में इस लाइन पर फॉल्ट होने पर सप्लाई बाधित हो जाती है।विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार शहर में 33/11 केवी के 80 उपकेंद्र हैं। इनमें से 75 केवी के उपकेंद्रों को दो लाइनों से जोड़ने का कार्य पूरा किया जा चुका है। शेष पांच उपकेंद्रों को दूसरी लाइन से जोड़ने का कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा। इन उपकेंद्रों में सेक्टर-100 स्थित 33/11 केवी, सेक्टर-20 स्थित 33/11 केवी और सेक्टर-8 स्थित 33/11 केवी के उपकेंद्रों पर फॉल्ट की दिक्कतें नहीं आए, इसका भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

# नोएडा में जल्द वॉट्सऐप से मेट्रो टिकट होंगे बुक

## बेंगलुरु में इस तरह से होती है बुकिंग, रोजाना 52 हजार मुसाफिर करते हैं सफर



**नोएडा।** नोएडा मेट्रो में जल्द ही वॉट्सऐप से टिकट बुक किया जा सकेगा। इसके बाद मुसाफिरों को कतार में लगने की जरूरत नहीं होगी। साथ ही वो घर बैठे ही टिकट बुक कर सकेंगे।

ये सुविधा अभी कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में है। अब इसी तर्ज पर एनएमआरसी इस सुविधा को नोएडा में लेकर आ रहा है।

इन दिनों नोएडा में रोजाना करीब 52 हजार से ज्यादा मुसाफिर मेट्रो में सफर करते हैं। इनको इस नई सुविधा से फायदा होगा। नोएडा मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी डॉ. लोकेश एम ने बताया कि एक नंबर जारी किया जाएगा। जिस पर 'हाय' लिखने के बाद आगे की प्रक्रिया होगी। टिकट बुक हो सकेगा।

### 29 किमी में 21 मेट्रो स्टेशन

नोएडा में मेट्रो 29 किमी का दायरा कवर करती है। सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा डिपो तक कुल 21 मेट्रो स्टेशन हैं। इसके अलावा नोएडा बोटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142, ग्रेटर नोएडा डीपो से बोडाकी और ग्रेनो वेस्ट से नॉलेज पार्क-5 तक प्रस्तावित है। इन सभी की फाइल केंद्र सरकार के पास है। जल्द ही मंजूरी मिलेगी। ऐसे में लाखों मुसाफिरों को इसका फायदा होगा। इसके लिए एनएमआरसी की टेक्निकल टीम अपना वर्क कर रही है। जल्द ही नंबर जारी किया जाएगा।

### कैसे कर सकते हैं बुक

एनएमआरसी एक आधिकारिक वॉट्सऐप नंबर जारी करेगा।

जिस पर 'HI' लिखकर सेंड करना होगा। इसके बाद विकल्प आएंगे।

जिसमें कार्ड रिचार्ज और टिकट खरीदने का ऑप्शन होगा।

यदि आप टिकट खरीदना चाहते हैं, तो टिकट खरीदें विकल्प चुनना होगा।

फिर आपको अपना स्रोत और गंतव्य स्टेशन का चयन करना होगा।

आप या तो स्टेशन का नाम टाइप कर सकते हैं या सूची से चुन सकते हैं।

इसके बाद आपको भुगतान करने के लिए कहा जाएगा।

आप यूपीआई, क्रेडिट या डेबिट कार्ड का उपयोग करके भुगतान कर सकते हैं।

भुगतान सफल होने के बाद आपको एक क्यूआर कोड मिलेगा जिसे आप मेट्रो में प्रवेश करने के लिए स्कैन कर सकते हैं।




# जन समस्या मेला समिति भारत का 10वां स्थापना दिवस एवं 'जननायक सम्मान समारोह' भव्य रूप से संपन्न






**विशाल इंडिया संवाददाता**

**लखनऊ।** जन समस्या मेला समिति भारत संस्थान का 10वां स्थापना दिवस समारोह एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हीरो भैया (श्री सतेंद्र सिंह यादव) एवं राष्ट्रीय प्रभारी (शिकायत प्रकोष्ठ) श्री अवलेंद्र सिंह यादव का संयुक्त जन्मोत्सव 22 जुलाई को लखनऊ मुख्यालय में बड़े ही धूमधाम से प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर देशभर से सैकड़ों कार्यकर्ता, समाजसेवी, कलाकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह के दौरान 'जननायक सम्मान' से दर्जनों विशिष्ट जनसेवियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत शॉल, मोमेंटो और माल्यार्पण के साथ हुई। मुख्य अतिथि एडवोकेट अशोक कुमार मित्तल एवं श्रीमती अनीता मित्तल को विशेष रूप से अंग वस्त्र एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय प्रभारी श्री अवलेंद्र सिंह यादव ने अपने वक्तव्य में संस्था की 10 वर्षों की यात्रा को स्मरण करते हुए कहा कि 'यह आंदोलन अब देश की आवाज बन चुका है।'

प्रमुख महासचिव एडवोकेट अंकित मित्तल ने कहा कि संस्था हर वर्ग की पीड़ा को न्याय तक पहुंचाने का माध्यम बन चुकी है।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष हीरो भैया ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा:

जन समस्या मेला एक संस्था नहीं, एक जनआंदोलन है। हमने 2 लाख से अधिक शिकायतों का समाधान कराया है और 11 राज्यों में सक्रिय जनचर्चा मंच बनाए हैं।

हम सिर्फ भाषण नहीं देते, ज़मीनी लड़ाई लड़ते हैं – तहसील, कोर्ट और चौपाल तक। हमारा लक्ष्य है – हर ज़िले में स्थायी शिकायत केंद्र, डिजिटल जनसुनवाई ऐप, युवा नेतृत्व प्रशिक्षण और हर आम नागरिक को ताकत देना।

### हीरो भैया ने अंत में कहा:

यह मंच किसी व्यक्ति का नहीं, जनता का है। जब तक अन्याय रहेगा, जब तक व्यवस्था में चूक रहेगी, हमारा संघर्ष जारी रहेगा। यह सिर्फ मेला नहीं, न्याय की मशाल है।

### समारोह में सम्मानित प्रमुख हस्तियों में शामिल रहे :

एडवोकेट अशोक मित्तल, अनीता मित्तल, श्रीमती मोनी सिंह, डॉ. अंकित मित्तल, श्री अवलेंद्र सिंह, सत्येंद्र कुमार, गौरव सिंह, आर.के. यादव, हर्षित गौतम, हितेन वालिया, दीप्ति जोशी भल्ला, राखी जायसवाल, शशांक सहाय, अरविंद कुमार, अजय यादव, रजनी सिंह, आशीष सिंह, गंगाराम, मनोज कुमार (सीतापुर), पंकज सिंह, ओम कश्यप, अनुज कुमार, आकाश राजपूत, आकाश रावत, आनंद कुमार, राहुल, गरिमा सिंह, ललित सिंह, शिवराम, प्रियंका अग्रवाल, अभिराज, अजय यादव, मानसी पांडे सहित कई सम्मानित नाम।

# पिता की मौत के सदमे में बेटे ने जान दी

**झांसी में दो दिन बाद थी तेरहवीं, बेटा जहर खाकर घर पहुंचा, तोड़ा दम**

झांसी। झांसी में पिता की मौत के सदमे में बेटे ने सुसाइड कर लिया। 10 दिन पहले बेन हेमरेज की वजह से पिता की मौत हो गई थी। उस दिन से बेटा गुमसुम रहने लगा। दो दिन बाद तेरहवीं होनी थी, उससे पहले बेटे ने शराब पी और फिर जहर का खा लिया।

तबीयत बिगड़ने पर घर पहुंचा और जानकारी दी। इलाज के दौरान आज बेटे की मौत हो गई। बाप-बेटे की मौत होने से घर में मातम छाया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरा मामला टहरौली कस्बे का है।

### पिता का 5 दिन चला था इलाज

मृतक का नाम शैलेंद्र रायकवार (38) पुत्र मंगलसिंह था। वह टहरौली का रहने वाला था।

मृतक के ससुर परशुराम रायकवार ने बताया– दामाद के पिता यानी मेरे समधी मंगलसिंह को ब्लेड प्रेशर की बीमारी थी। 5 जुलाई को अचानक ब्लेड प्रेशर बढ़ गया। उसकी वजह से ब्रेन हेमरेज हो गया।

तुरंत समधी को झांसी मेडिकल कॉलेज लेकर आए। यहां 5 दिन तक इलाज चला और 13 जुलाई को उनकी मौत हो गई। पिता की मौत का दामाद शैलेंद्र को गहरा सदमा लगा। वो गुमसुम रहने लगा था।


मंगल सिंह, मृतक    शैलेंद्र, मृतक

### घर आकर बताया जहर खा लिया

परशुराम ने आगे बताया–मंगलवार रात को दामाद घर से बिना बताए चले गए। बाहर जाकर शराब पी और फिर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। घर आकर दामाद ने परिजनों को जहर खाने के बारे में बताया।

तब उनको सीधे मेडिकल कॉलेज लेकर आए। यहां पर इलाज के दौरान आज दामाद की मौत हो गई। 25 जुलाई को पिता की होने वाली तेरहवीं को अब कैंसिल कर दिया गया।

पहले पिता और अब बेटे की मौत होने से घर में मातम छाया है। तीन भाइयों में शैलेंद्र ही सबसे बड़े थे।

उनकी एक बेटी 13 साल की कृष्णकुमारी और एक बेटा 11 साल का कर्णवीर है। दोनों बच्चे पढ़ते हैं। पति की मौत की खबर सुनकर पत्नी सविता देवी बेहोश हो गई। पूरे गांव में गमगीन माहौल है।

## शार्ट न्यूज

### देवघर को रवाना हुआ कांवरियों का झुंड

**हरिनारायण यादव व्यूरो विशाल इंडिया**

**गाजीपुर।** सादात हुरमुजपुर शिव मंदिर से हर हर महादेव के जयकारे के साथ कांवरियों का झुंड बाबा बैजनाथ धाम के लिए ट्रेन से रवाना हुआ हुरमुजपुर गांव के पोखरा शिव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव की पूजा अर्चना करने के बाद संकल्प लेकर सादात बाजार होते हुए रेलवे स्टेशन पहुंचे और देवघर के लिए रवाना हुए ग्रामीण वासियों प्रधान प्रतिनिधि गुड्डू गोंड कांवरियों में इस पावन महीने को लेकर काफी उत्साह और जोश देखने को मिला है पूरा क्षेत्र हर हर महादेव के नारों के साथ गुजायमान हो उठा सड़कों पर सुबह जैसे चारों तरफ बस हर-हर महादेव के जयकारे वह भक्ति में सराबोर माहौल देखने को मिल रहा था श्रावण मास में कांवरियो सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर पैदल यात्रा के बाद बाबा बैजनाथ के दरबार में पहुंचते हैं और जलाभिषेक करते हैं आज सभी कांवरियों को स्टेशन तक छोड़ने के लिए ग्राम वासियों समाज सेवी सूर्यभान सिंह आनंद प्रजापति के साथ स्टेशन पर उपस्थित रहे इस मौके पर रोहित सिंह ,मुकेश शर्मा ,महेश प्रजापति ,गुड्डू यादव ,बबलू सिंह ,प्रतापभान सिंह ,अरविंद प्रजापति ,मुलायम यादव ,आशु सिंह, चंद्रबली यादव, लालाजी विश्वकर्मा ,सुनील शर्मा ,कल्लू खरवार नंदकिशोर प्रजापति बाबू सिंह गोलू गोंड सोनू सिंह विवेक पांडेय उर्फ विष्णु इत्यादि लोग मौजूद रहे

### गैंगरेप के आरोपी को धर दबोचा, जेल रवाना

**विशाल इण्डिया पूनम तिवारी**

**अंबेडकर नगर।** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्रअंतर्गत खपुरा खानपुर शाह सुलेमपुर एक नाबालिग लड़की अपने घर से दिन के करीब दो बजे शौच के लिए खेत की तरफ गई थी जहां चार लड़कों ने मिलकर लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार किया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक श्रीनिवास पांडे के नेतृत्व में अकबरपुर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और पीड़िता से लिखत तहरीर लेकर चार लोगों के खिलाफ गैंग रेप पास्को एक्ट के साथ अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया,और आरोपियों की खोजबीन तेज कर दी।जिसमें से दो लोगों को अकबरपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जिसमें नाबालिग भी है। उक्त के क्रम में सुनील कुमार पुत्र मनीराम को पुलिस ने गिरफ्तार कर आज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया। जहां से उसको पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### अलग-अलग स्थानों से चार वारंटी गिरफ्तार किए

**ललितपुर ।** सौजना पुलिस ने चार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। वारंटियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण जनपद में वाँछित /वारण्टी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के अभियान मे थाना सौजना पुलिस द्वारा चार वारण्टी अभियुक्तगण अभिषेक पुत्र देवेन्द्र बुन्देला निवासी ग्राम छापछौल थाना सौजना ललितपुर उम्र करीब 23 वर्ष सम्बन्धित मु0न0 159/22 सरकार बनाम अभिषेक थाना सौजना माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महरौनी कैलाश यादव पुत्र बालकिसन उम्र करीब 38 वर्ष, राम सिहं पुत्र बालकिसन उम्र करीब 40 वर्ष समस्त निवासी ग्राम नैकोरा थाना सौजना ललितपुर सम्बन्धित मु0न0 441/18 सरकार बनाम हनुमत माननीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महरौनी सुखलाल पुत्र रतना अहिरवार उम्र करीब 33 वर्ष निवासी ग्राम मैनवार थाना सौजना ललितपुर सम्बन्धित मु0न0 1942/2020 सरकार बनाम सुखलाल थाना सौजना माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महरौनी को गिरफ्तार कर वारण्टी/अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुये माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महरौनी के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम थानाध्यक्ष पारुल सिंह मय टीम आदि शामिल रहे।

### घरेलू विवाद में दंपति ने खाया जहर

**जौनपुर।** जौनपुर के सिकरारा थाना क्षेत्र के पहसना गांव में एक दंपति ने घरेलू विवाद से परेशान होकर जहर खा लिया। आदित्य कुमार (28) और उनकी पत्नी रेखा देवी (24) ने बुधवार दोपहर करीब 3 बजे यह कदम उठाया। दंपति ने अपने दो कमरों के मकान में एक कमरे को अंदर से बंद कर जहरीला पदार्थ खा लिया। काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर पड़ोसियों को शक हुआ। खिड़की से झांककर देखा तो दोनों बेहोश पड़े थे। पड़ोसियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सिकरारा थानाध्यक्ष टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दरवाजा तोड़कर दोनों को बाहर निकाला गया। दंपति को पहले मछलीशहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें रेफर कर दिया। रेखा देवी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इसके आधार पर पुलिस ने देवर विनय गौतम और चार अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक पारिवारिक कलह को घटना का प्राथमिक कारण माना जा रहा है। मामले की जांच चल रही है।

### कैबिनेट मंत्री को जान से मारने की दी धमकी

**संतकबीर नगर।** उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद और राज्य महिला आयोग की सदस्य जनक नंदिनी निषाद को फोन पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक मनीष निषाद को निषाद पार्टी का कार्यकर्ता बताया जा रहा है। महिला आयोग सदस्य की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। मामला मेंहदावल थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी मनीष निषाद ने सबसे पहले कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद को मोबाइल पर कॉल कर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। इसके बाद मंत्री के निर्देश पर महिला आयोग की सदस्य और पार्टी की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष जनक नंदिनी निषाद ने आरोपी को कॉल किया। लेकिन युवक ने उन्हें भी अपशब्द कहे और जान से मारने की धमकी दी। जनक नंदिनी निषाद ने मामले की शिकायत मेंहदावल थाने में दर्ज कराई। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की और तत्काल हिरासत में ले लिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आगे की कार्रवाई जारी है। मेंहदावल थाने के प्रभारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

## साइबर ढगी के 45000 रुपए वापस कराए

**विशाल इण्डिया पूनम तिवारी**



**अम्बेडकरनगर।** थाना साइबर क्राइम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर तीन शिकायतकर्ताओ की साइबर ठगी की सम्पूर्ण धनराशि कुल 45000 रुपए वापस कराए।अम्बेडकरनगर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में*ल अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के पर्यवेक्षण मे तथा क्षेत्राधिकारी टाण्डा के मार्गदर्शन मे साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा चलाए जा रहे साइबर जागरुकता अभियान व साइबर अपराधों में की जा रही त्वरित कार्यवाही के क्रम में शिकायतकर्ता शिकायतकर्ता राघवेन्द्र राव पुत्र प्रदीप कुमार निवासी ग्राम सुबारपुर थाना सम्मनपुर जनपद अम्बेडकरनगर जो किराने का दुकान चलाते है,के द्वारा एनसीआरपी साइबर क्राइम थाना अम्बेडकरनगर पर शिकायत संख्या-23109240115285 दर्ज कराई गई, जिसमे पीड़ित द्वारा अपने साथ हुये 45000रुपये के साइबर ठगी के बारे मे अवगत कराया गया। उक्त प्रकारण की गंभीरता को देखते हुए, थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते से डेबिट धनराशि को बेनेफिशियरी के खाते मे होल्ड कर विधिक कार्यवाही करते हुये उक्त शिकायतकर्ताओं की 45000रुपये की धनराशि वादी के खाते मे वापस करायी गयी। शिकायतकर्ता एवं उनके परिजन द्वारा जनपद अम्बेडकरनगर साइबर क्राइम पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया गया व प्रसन्नता जाहिर की गयी। उक्त पैसे की रिकबरी में प्रमुख रूप से प्रभारी निरीक्षक राजकुमार वर्मा साइबर थाना, कांस्टेबल प्रदीप कुमार शर्मा पूरी टीम सहित उपस्थित रहे।

# जनपद प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने सरकारी योजनाओं व विकास कार्यों की अधिकारियों के साथ की समीक्षा

**ललितपुर।** मा0 राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उ0प्र0/जनपद प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने बुधवार को कलैक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते हुए जनपद के विकास कार्यों की हकीकत जानी और अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करने के सख्त निर्देश दिये। मा0 प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनपद के विकास कार्यों में हीलाहवाली बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इसके लिए अधिकारी पूरी तत्परता के साथ अपने कार्यों को पूर्ण करायें, इसके साथ ही क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य और रोजगार से सम्बंधित शिकायतों का प्राथमिकता पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि मा0 जनप्रतिनिधियों के फोन अनिवार्य रुप से उठाये जायें और उनके द्वारा बतायी गई जनसमस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित कराते हुए लिखित रुप में जनप्रतिनिधियों को अवगत भी कराया जाए, अन्यथा उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।



बैठक में मा0 राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उ0प्र0 मनोहर लाल पंथ, मा0 सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, मा0 जिलाध्यक्ष भा0ज0पा0 हरिश्चन्द्र रावत, एमएलसी प्रतिनिधि अतुल निरंजन की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने सभी जनप्रतिनिधियों का बुके भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात जनपद के विकास कार्यों की एक-एक कर विभागवार समीक्षा की गई।


समीक्षा के दौरान यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप कुमार ने जनपद के ग्राम सैदपुर में यूपीसीडा द्वारा 1472 एकड़ में बनाये जा रहे बल्क ड्रग फार्मा पार्क के बारे में बताया कि तीन चरणों में फार्मा पार्क का कार्य किया जाना है, प्रथम चरण में 352.91 एकड़ भूमि पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, साथ ही औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिए निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से प्लाट आवंटन भी शुरु कर दिया गया है, जिसमें अब तक 4 प्लाट आवंटित भी किये जा चुके हैं। उन्होंने जल निगम शहरी एवं ग्रामीण के अधिशासी अभियंताओं को कड़े निर्देश दिये कि हर घर तक शुद्ध पेयजल की उपलब्धता को हर हाल में सुनिश्चित करें और रोड रेस्टोरेशन का कार्य त्वरित गति से पूर्ण करायें।

# पूर्व पति ने की महिला की निर्मम हत्या

**गाजीपुर में फावड़े से किया हमला, बचाने में जेठानी घायल; आरोपी गिरफ्तार**

**गाजीपुर।** गाजीपुर में थाना शादियाबाद क्षेत्र के मरदानपुर गांव में बुधवार को एक महिला की निर्मम हत्या का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान वंदना के रूप में हुई है। वह अपने वर्तमान पति शैलेंद्र कुमार के साथ दिल्ली में रहती थी। वारदात के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके पूर्व पति जयप्रकाश राम को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना उस वक्त हुई जब वंदना खेत में चरी काट रही थी। उसी दौरान उसका पूर्व पति जयप्रकाश राम वहां पहुंचा और अचानक फावड़े से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। हमले में बीच-बचाव करने पहुंची वंदना की जेठानी कौशल्या भी घायल हो गई।




### 10 साल पहले छोड़ा था पहला पति, अब बन गया कातिल

ग्रामीणों के मुताबिक, वंदना ने लगभग 10-15 साल पहले जयप्रकाश को छोड़ दिया था और गांव के ही एक अन्य युवक शैलेंद्र से शादी कर ली थी। इसी बात को लेकर जयप्रकाश लंबे समय से बदले की नीयत रखे हुए था।

मृतका के तीन बच्चे हैं। 7 साल की शिवानी, 6 साल का आर्यन और 1 साल का कल्लू।

### पति दिल्ली छोड़कर वाराणसी में कर रहा था काम

वंदना का वर्तमान पति शैलेंद्र दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता है। बताया गया है कि बीते एक महीने से वह दिल्ली छोड़कर गांव आ गया था और फिलहाल वाराणसी में निजी काम कर रहा था। घटना की सूचना मिलते ही शादियाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घायल कौशल्या को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

### जिला महिला अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत

**झांसी।** झांसी के जिला महिला अस्पताल में प्रसव के दौरान महिला और उसके गर्भ में पल रहे शिशु की मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। भाई ने कहा-नार्मल डिलीवरी कराने के 5 हजार रुपए मांगे। हम लोग पैसे देने को तैयार थे। तब नर्स बहन को अंदर ले गई। बहन चलते हुए अंदर गई। इसके बाद 2 इंजेक्शन लगाए और 10 मिनट बाद ही बहन नीली पड़ गई। मेडिकल कॉलेज में लेकर आए, जहां उनको मृत घोषित कर दिया। आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही से बहन की मौत हुई है। मृतका का नाम नेहा सेन (25) पत्नी विशेष सेन था। वह निवाड़ी के वीरसागर गांव की रहने वाली थी।

# 12वीं फेल रहमान का पाकिस्तान से कनेक्शन

**आगरा।** आगरा में धर्मांतरण के मामले में पकड़ा गया इंटर फेल रहमान कुरैशी से पूछताछ में चौकाने वाले राज सामने आए हैं। पूछताछ करने वाली एजेंसियों के भी कान खड़े हो गए हैं। रहमान के तार पाकिस्तान से जुड़े हुए हैं। वह पाकिस्तान के इंफ्लुएंसर से जुड़ा हुआ था। अपने यू ट्यूब चैनल द सुन्नाह पर विदेशी लोगों के वीडियो भी अपलोड किया करता था। पुलिस को शक है कि वह रेकी भी कर रहा था। उससे एनआईए और आईबी भी पूछताछ कर रही है। सराय ख्वाजा (शाहगंज) में निवासी रहमान कुरैशी मूल रूप से किरावली का निवासी है। पूर्व में उसका परिवार वजीरपुरा में रहता था। पुलिस ने धर्मांतरण गिरोह के सदस्य के रूप में उसे भी पकड़ा था। आगरा की सगी बहनों से वह ऑन लाइन जुड़ा हुआ था। पुलिस को प्रारंभिक पूछताछ में पता चला था कि वह डार्क वेब का इस्तेमाल करता है। यू ट्यूब चैनल द सुन्नाहा चलाता है। उस चैनल पर 1.59 लाख से अधिक फालोअर हैं। पुलिस ने उसका लैपटॉप खंगाला तो पाकिस्तान से उसके तार जुड़े निकले। उसकी मुसीबतें बढ़ सकती हैं। पुलिस के अनुसार वह कंप्यूटर की कई प्रोग्रामिंग भाषाएं जानता है। साफ्टवेयर बना सकता है। उसने आगरा के एक इंस्टीट्यूट से फर्जी प्रमाण पत्र भी बनवाया था।

# एसपी ने गूगल मीट के माध्यम से की अपराध व कानून व्यवस्था की समीक्षा

**सावन मास, कांवड़ यात्रा में पर्याप्त पुलिस बल, लगाकर त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने के दिये निर्देश**

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा गूगल मीट के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधि0/थाना/शाखा प्रभारियों के साथ कावड़ यात्रा तथा अपराध एवं कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में गूगल मीटिंग कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । मीटिंग के बिन्दु निम्नवत हैं। समस्त क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारियों को श्रावण मास के दौरान कावड़ यात्रा के दृष्टिगत प्रमुख मार्गों का भौतिक रुप से निरीक्षण करने तथा मन्दिरों/शिवालयों में पर्याप्त पुलिस बल लगाकर त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु दिशा-निर्देश दिये गये। समस्त क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारियों को श्रावण मास तथा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत निकलने




वाली शोभा यात्रा से सम्बन्धित रूट चार्ट तैयार करने तथा पर्याप्त पुलिस बल लगाकर यात्राओं को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु दिशा-निर्देश दिये गये । अन्य जनपदों से आने वाले कावड़ यात्रियों के साथ समन्वय स्थापित कर उन्हें वैकल्पिक मार्गों की जानकारी देने तथा यातायात व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । कावड़ यात्रा के दृष्टिगत समस्त पीआरवी सक्रिय रहेंगी तथा किसी भी घटना की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । सभी संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा मार्गों के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर उन्हें क्रियाशील स्थिति में रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

चोरी/ झपटमारी /लूट/ डकैती/ नकबजनी के अपराधों से सम्बन्धित, विशेष अभियान चलाकर समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी स्वयं चोरों एवं अपराधियों का सत्यापन कर, घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करें तथा रात्रि में प्रभावी रूप से चेकिंग/गस्त करने हेतु निर्देशित किया गया।

### रायबरेली में ऑनलाइन गेम के चक्कर में सुसाइड

**रायबरेली।** रायबरेली में ऑनलाइन गेम के चक्कर में एक छात्र ने सुसाइड कर लिया। छात्र एविएटर गेम खेलने की वजह से डेढ़ लाख रुपए हार गया था। मंगलवार को उसने शारदा नहर में कूदकर सुसाइड कर लिया। बुधवार दोपहर उसका शव नहर से 1 किलोमीटर दूर बरामद हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- युवक नहर के पास खड़ा था। कुछ देर बाद उसने अपना फोन अपनी साइकिल पर रख दिया और नहर में छलांग लगा दी। हम लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस और स्थानीय गोताखोरों ने उसकी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। आज उसका शव बरामद हुआ।

# ललितपुर में एक्सीडेंट में घायल दो युवकों को डीएम, एसपी ने खुद उठाकर अस्पताल पहुंचाया

**ललितपुर।** डीएम व एसपी ने सड़क दुर्घटना में घायल हुए दो युवकों को गंभीर हालत को देखते हुए, उन्हें स्वयं उठाकर सरकारी एम्बुलेंस से तत्काल अस्पताल पहुंचाया। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक मय स्कार्ट के महरौनी मड़ावरा क्षेत्रान्तर्गत कार्य सरकार से वापस आ रहे थे ।तभी अचानक महरौनी मड़ावरा मार्ग पर ग्राम सैदपुर के पास एक बाइक सवार युवक जिसका एक जानवर को बचाने में मो0सा0 अनियंत्रित होकर गिर गयी थी और वह घायल अवस्था में रोड़ पर पड़ा हुआ था । जिलाधिकारी ललितपुर व पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल अपना वाहन रूकवाकर उक्त घायल को स्वयं, पुलिस व स्थानीय लोगो की मदद से सरकारी एम्बुलेंस में बैठाकर उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया जहां घायल युवक का उपचार सुचारू रूप से चल रहा है ।इसी क्रम में ललितपुर-महरौनी मार्ग पर ग्राम मिर्चवारा के पास एक युवक एक्सीडेंट में घायल होकर रोड़ पर पड़ा हुआ था , जिसे जिलाधिकारी ललितपुर व पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा तत्काल स्वयं उठाकर एम्बुलेंस की मदद से उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया ।आस-पास मौजूद लोगो ने पुलिस व प्रशासन द्वारा किये गये इस मानवीय कृत्य के लिये जनपदीय पुलिस की भूरि-भूरि सराहना की गयी ।



**संक्षिप्त समाचार**

## सैटेलाइट ले जाने वाले रॉकेट घासेद का ईरान ने परीक्षण किया

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान ने सोमवार को एक उप-कक्षीय परीक्षण उड़ान के तहत अपने सैटेलाइट ले जाने वाले रॉकेट घासेद का परीक्षण किया। यह परीक्षण जून में ईरान-इज़राइल युद्ध और अमेरिका द्वारा ईरान की परमाणु सुविधाओं पर हमले के बाद पहला ऐसा परीक्षण है। सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए के अनुसार, यह परीक्षण अंतरिक्ष तकनीक में नई उभरती तकनीकों का मूल्यांकन करने के लिए किया गया था। घासेद रॉकेट ठोस और तरल ईंधन से संचालित होता है और इसे पहली बार 2020 में प्रक्षेपित किया गया था। यह परीक्षण ईरान के अंतरिक्ष कार्यक्रम और उपग्रह क्षमताओं को बेहतर बनाने में सहायक होगा।

## ट्रंप प्रशासन ने 2.6 अरब डॉलर के फंड को अवैध रूप से काटा

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने अमेरिका की एक संघीय अदालत में अहम मुकदमे की सुनवाई के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नीत प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। हार्वर्ड ने दलील दी कि ट्रंप प्रशासन ने उसके 2.6 अरब डॉलर के फंड को अवैध रूप से काटा गया है। प्रशासन ने हार्वर्ड पर उदारवाद और यहूदी विरोध का अड्डा होने का आरोप लगाया है। हार्वर्ड ने इसका विरोध किया है और फंड कटौती के खिलाफ यह मुकदमा उच्च शिक्षा जगत में ध्यान आकर्षित कर रहा है। विश्वविद्यालय का कहना है कि इससे अनुसंधान, करियर और प्रयोगशालाओं को नुकसान होगा। सरकार ने कहा कि ट्रंप के आदेशों का उल्लंघन होने पर वह फंड रोकने का अधिकार रखती है।

## जोहरान ममदानी अमेरिका से युगांडा गए, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** अमेरिका में न्यूयॉर्क सिटी के डेमोक्रेटिक नेता का युगांडा दौरा चर्चा में है। न्यूयॉर्क सिटी में मेयर पद के उम्मीदवार जोहरान ममदानी अपनी शादी का जश्न मनाने जन्मस्थान युगांडा गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया और कहा कि यह निजी यात्रा पर इस पूर्वी अफ्रीकी देश में आए हैं और जुलाई के अंत तक न्यूयॉर्क सिटी लौट आएंगे। आगामी नवंबर में होने वाले चुनाव में 33 वर्षीय ममदानी का मुकाबला एंड्रयू कुओमो और मौजूदा मेयर एरिक एडम्स जैसे उम्मीदवारों से है। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर वीडियो में ममदानी ने मजाक में कहा, ऑनलाइन ट्रोल की सलाह मानकर वे अफ्रीका लौट रहे हैं। हालांकि, उन्होंने कथित तौर पर घृणा करने वाले लोगों से माफी मांगते हुए ये भी कहा कि वे वापस जरूर आएंगे।

## ब्रिटेन में प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर फेंके पत्थर और अंडे

**लंदन , एजेंसी।** लंदन के पास एक होटल में रह रहे शरणार्थियों के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान ब्रिटेन की पुलिस पर पत्थर और अंडे फेंके जाने की खबर है। पुलिस ने कहा कि रविवार को यौन शोषण के शक में गिरफ्तारी के बाद 100 से अधिक प्रदर्शनकारी जमा हुए। प्रदर्शनकारियों ने सेव अवर किड्स और सेंड देम होम जैसे नारे लगाए। विरोध उग्र होने पर पुलिस की गाड़ियों पर हमला हुआ। ऐसे प्रदर्शन पिछले सप्ताह भी हुए थे। पुलिस ने हिंसा से सख्ती से निपटने की चेतावनी दी है।

## पंजाब प्रांत में ईशनिंदा का केस, ईसाई गिरफ्तार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक ईसाई व्यक्ति को ईशनिंदा के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह घटना पिछले हफ्ते लाहौर की निशात कॉलोनी में घटी। आरोपी का नाम आमिर मसीह है और उसे एक मुस्लिम, सनूर अली की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया है। दोनों एक-दूसरे के पड़ोसी हैं। जानकारी के मुताबिक एक दिन मसीह अली की किनारे की दुकान पर आया और आर्थिक तंगी के चलते पाकिस्तान छोड़ने की बात करते हुए अचानक पैगंबर साहब के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी की। अली ने पुलिस को बताया कि मैंने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वह भागने में कामयाब रहा। पुलिस अधिकारी जुल्फकार अली ने कहा कि बाद में अली ने पुलिस से संपर्क किया और मसीह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसे बाद में गिरफ्तार कर लिया गया और पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 295-सी के तहत केस दर्ज किया गया।

## पाकिस्तान के सीनेट चुनाव में इमरान खान की पार्टी को छह सीटें

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की सीनेट सीटों के लिए कराए गए चुनाव में 11 में से 6 सीटें जीती हैं। विपक्षी दलों को 5 सीटें मिलीं। चुनाव में 145 सदस्यों ने मतदान किया। सात सामान्य सीटों में से पीटीआई ने चार पर जीत दर्ज की, जबकि तीन विपक्ष के हिस्से गईं। तकनीकी सीटों में पीटीआई के आज़म स्वाती और जे यूआई के दिलावर खान ने जीत हासिल की। आधिकारिक नतीजे कुछ दिनों में चुनाव आयोग द्वारा घोषित किए जाएंगे।

# 100 साल तक सत्ता में रहने की सनक! फिर चुनाव लड़ेगा दुनिया का सबसे बूढ़ा राष्ट्रपति, विपक्ष बेचैन

**याओंदे, एजेंसी।** विश्व के सबसे बुजुर्ग राष्ट्राध्यक्ष कैमरून के राष्ट्रपति पॉल बिया हैं जिनकी उम्र 92 वर्ष है। मजेदार बात ये है कि पॉल बिया ने अभी भी रिटायरमेंट का फैसला नहीं किया है। उन्होंने अक्टूबर 2025 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में फिर से अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। इस कदम से उनकी 43 साल की सत्ता सात साल तक और बढ़ सकती है। यानी वह 100 वर्ष की आयु तक सत्ता में बने रह सकते हैं। बिया 1982 से सत्ता में हैं और उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की, जिसमें उन्होंने कहा, मैं 12 अक्टूबर 2025 के राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवार हूं। निश्चिंत रहें कि आपकी सेवा करने का मेरा संकल्प हमारे सामने मौजूद गंभीर चुनौतियों के अनुरूप है। बिया ने अपने बयान में दावा किया कि उनकी उम्मीदवारी का फैसला कैमरून के सभी क्षेत्रों और प्रवासी समुदायों से अनेक और आग्रहपूर्ण अनुरोधों के बाद लिया गया है। हालांकि, उनकी लंबी सत्ता को लेकर देश के भीतर और बाहर से ताजा नेतृत्व की मांग तेज हो रही है। कई विपक्षी नेताओं और नागरिक समाज समूहों ने बिया के शासन को आर्थिक और लोकतांत्रिक विकास में बाधक बताया है।



**विपक्ष की चुनौती और जनता की क्या प्रतिक्रिया :** बिया की उम्मीदवारी की घोषणा के बाद कई विपक्षी नेताओं ने भी चुनाव में उतरने की घोषणा की है। इनमें 2018 के उपविजेता मौरिस काम्टो (कैमरून रेनेसां मूवमेंट), जोशुआ ओसिह (सोशल डेमोक्रेटिक फ्रंट), अकेरे मुना, और कैब्रल लिबी (कैमरून पार्टी फॉर नेशनल रिकॉन्सिलिएशन) शामिल हैं। ये सभी बिया के लंबे शासन की आलोचना करते हुए सुधारों और निष्पक्ष चुनाव की मांग कर रहे हैं। विपक्षी नेताओं का कहना है कि बिया के शासन में भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन, और सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में विफलता ने देश को संकट में डाल दिया है। कैमरून रेनेसां मूवमेंट के महासचिव क्रिस्टोफर एनकॉन्ग ने कहा, पापा, आपने अपना सर्वश्रेष्ठ कर दिया। क्या अब आप किसी अन्य कैमरूनवासी को सत्ता सौंपने के लिए नहीं जा सकते? राजधानी याओंदे की सड़कों पर लोगों ने बीबीसी को बताया कि वे राजनीति पर खुलकर टिप्पणी करने से डरते हैं, क्योंकि उन्हें प्रतिशोध का डर है। एक व्यक्ति ने गुमनाम रहते हुए कहा, मैंने कभी नहीं देखा या सुना कि इतनी उम्र का कोई व्यक्ति राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवारी की घोषणा कर रहा हो।

**बिया का शासन: उपलब्धियां और विवाद :** पॉल बिया 1982 में अपने पूर्ववर्ती अहमदौ अहिद्जो के इस्तीफे के बाद सत्ता में आए। उनके शासनकाल में कैमरून ने आर्थिक संकट का डटकर सामना किया और एकदलीय शासन से हटकर बहुदलीय व्यवस्था की ओर बढ़ा। हालांकि, उनकी सरकार पर भ्रष्टाचार, धन के गबन, और कुप्रबंधन के आरोप लगातार लगते रहे हैं। 2008 में, बिया ने संविधान में संशोधन कर कार्यकाल की सीमा को समाप्त कर दिया, जिससे वह अनिश्चितकाल तक राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ सकते हैं। 2018 के चुनाव में उन्होंने 71 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल किए, लेकिन विपक्ष ने व्यापक अनियमितताओं का आरोप लगाया। बिया की सेहत को लेकर भी अक्सर सवाल उठते रहे हैं। पिछले साल उनकी छह सप्ताह से अधिक की सार्वजनिक अनुपस्थिति ने उनकी सेहत और शासन करने की क्षमता पर अटकलों को जन्म दिया, जिसमें उनकी मृत्यु की अफवाहें भी शामिल थीं। कैमरून में जहां औसत आयु केवल 18 वर्ष है और औसत जीवन प्रत्याशा 63 वर्ष है, वहां युवाओं में बिया के शासन के प्रति निराशा बढ़ रही है। डौआला में एक 27 वर्षीय मोटरसाइकिल टैक्सी ड्राइवर आंद्रे औआंदजी ने कहा, हमने कई साल पहले सरकार पर भरोसा करना छोड़ दिया। देश में बेरोजगारी, बढ़ती कीमतें, और खराब सार्वजनिक सेवाएं आम शिकायतें हैं। 2023 के एक सर्वेक्षण के अनुसार, 80प्रतिशत कार्यबल अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत है, और एक तिहाई आबादी प्रतिदिन 2 डॉलर या उससे कम पर जीवनयापन करती है। पश्चिमी कैमरून में अंग्रेजी भाषी अलगाववादियों द्वारा स्वतंत्रता की घोषणा के बाद हिंसा की आशंका भी बढ़ रही है।

## तेल टैंकरों में रहस्यमयी धमाकों के बाद पुतिन का फरमान, विदेशी जहाजों की एंट्री पर नई शर्त




**मॉस्को, ब्लूमबर्ग, एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने देश के सभी समुद्री बंदरगाहों पर विदेशों से आने वाले जहाजों की जांच और एंट्री के नियम और सख्त कर दिए हैं। अब किसी भी विदेशी जहाज को रूसी समुद्री बंदरगाह में प्रवेश के लिए पोर्ट कप्तान की अनुमति लेनी होगी, जो फेडरल सिक्योरिटी सर्विस यानी रूस की मुख्य सुरक्षा एजेंसी के साथ मिलकर दी जाएगी। पहले तक, यह मंजूरी केवल उन्हीं जहाजों के लिए जरूरी थी जो रूसी नौसैनिक बेस के आसपास के पोर्ट्स पर आते थे, लेकिन अब यह देश के सभी बंदरगाहों पर लागू होगी। हाल के महीनों में रूसी या रूसी बंदरगाहों पर गए तेल टैंकरों पर कई रहस्यमय ब्लास्ट हुए हैं। सबसे ताजा धमाका करीब एक महीने पहले लीबिया के पास एक ऐसे जहाज पर हुआ था, जो इसके पहले रूस के बाल्टिक बंदरगाह उस्त-लुगा और ब्लैक सी पोर्ट नोवोरोसिस्क पर भी रुका था। इन धमाकों के कारण सुरक्षा एजेंसियों ने संदेह जताया है कि किसी राज्य-प्रायोजित एजेंसी ने रूसी तेल टैंकरों को निशाना बनाया हो सकता है। सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए, रूस की सुरक्षा परिषद ने भी बंदरगाहों की सुरक्षा के उपायों को बढ़ाने की सिफारिश की थी। बंदरगाहों पर पहुंचने वाले जहाजों के पतवार (हुल) की अंडरवॉटर जांच के लिए रूस के पोर्ट अथॉरिटी ने बड़ा टेंडर निकाला है, जिसमें 3.16 अरब रूबल (करीब 40.4 मिलियन) खर्च किए जाएंगे। अब जहाज मालिक गोताखोरों और अंडरवॉटर ड्रोन की मदद से ऐसे जहाजों की जांच करा रहे हैं, जिन्होंने कभी रूसी बंदरगाहों पर लंगर डाला हो-इनमें बारूदी सुरंग या विस्फोटक लगाने का डर सता रहा है।

## प्रिंस विलियम और प्रिंस हैरी की चचेरी बहन की संदिग्ध मौत, शव के पास मिली बंदूक; खुदकुशी करने की आशंका

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के राजकुमार विलियम और राजकुमार हैरी की चचेरी बहन रोजी रोश की संदिग्ध हालात में अपने घर में मौत हो गई। उनके शव के पास बंदूक पड़ी मिली। हालांकि पुलिस इसे खुदकुशी मान रही है। अफसरों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दिवंगत राजकुमारी डायना के चाचा की पोती रोजी रोश विल्टशॉयर में रहती थी। 20 वर्षीय रोजी अपने दोस्तों के साथ छुट्टियां मनाने के लिए सामान पैक कर रहीं थीं। इस दौरान उनकी मां और बहन ने कमरे में उनका शव पड़ा देखा। शव को देखकर दोनों के होश उड़ गए। घटनास्थल से बंदूक बरामद की गई। कोरोनर ग्रांट डेविस ने कहा कि पुलिस ने रोजी की मौत को गैर संदिग्ध माना है। उन्होंने माना कि रोजी की मौत में किसी तीसरे का हाथ नहीं है। ऐसे में माना जा रहा है कि रोजी ने खुदकुशी की होगी। एक लेख में उनको ह्यू और पिप्पा की प्यारी बेटी, आर्ची और अगाथा बहन, डेरेक और रे लॉन्ग की पोती बताया गया। रोजी डरहम विश्वविद्यालय में अंग्रेजी साहित्य का अध्ययन कर रही थी। वह दोस्तों के साथ छुट्टी पर जाने के लिए बेहद उत्साहित थीं। एक प्रवक्ता ने कहा कि उनकी बहुत याद आएगी। परिवार ने उनके निधन को लेकर निजता बनाए रखने की अपील की है। उनको निधन के बाद निजी अंतिम संस्कार और निजी श्रद्धांजलि सभा होगी।

# परमाणु कार्यक्रम फिर से शुरू करने की तैयारी में ईरान, तुर्किये में यूरोपीय देशों से करेगा बात

**तेहरान, एजेंसी।** पिछले महीने इस्राइल और अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। इसके बाद माना जा रहा था कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम नष्ट हो गया है। इसके बाद ईरान ने एक बार फिर परमाणु कार्यक्रम को लेकर बात शुरू कर दी है। तुर्किये में होने वाली बैठक में ईरानी अधिकारी ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के अधिकारियों से बात करेंगे। इस्राइल और अमेरिका के हमलों के बाद ईरान ने एक बार फिर परमाणु कार्यक्रम शुरू करने की तैयारी की है। ईरान अब तुर्किये में यूरोपीय देशों के साथ परमाणु वार्ता करने जा रहा है। इस्राइल के साथ युद्ध विराम के बाद यह पहला मौका है, जब ईरान परमाणु कार्यक्रम को लेकर नई शुरुआत करने जा रहा है। हालांकि मई में भी इस्तांबुल में ऐसी ही बैठक हुई थी। पिछले महीने इस्राइल और अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। इसके बाद माना जा रहा था कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम नष्ट हो गया है। इसके बाद ईरान ने एक बार फिर परमाणु कार्यक्रम को लेकर बात शुरू कर दी है। तुर्किये में होने वाली बैठक में ईरानी अधिकारी ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के अधिकारियों से बात करेंगे। इन तीनों राष्ट्रों को ई3 के रूप में जाना जाता है। बैठक में यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख काजा कालास भी शामिल होंगे।



ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि बातचीत का विषय साफ है। पहला प्रतिबंधों को हटाना और दूसरा ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम से जुड़े मुद्दे। यह बैठक उप-मंत्री स्तर पर होगी। जर्मन विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मार्टिन गिसे ने कहा कि वार्ता विशेषज्ञ स्तर पर हो रही है। ईरान को कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं करना चाहिए। इसलिए जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन ईरानी परमाणु कार्यक्रम के स्थायी और सत्यापन योग्य कूटनीतिक समाधान के लिए उच्च दबाव में काम करना जारी रख रहे हैं। यह कार्रवाई अमेरिका के साथ भी समन्वित है। गीसे ने कहा कि यह बहुत स्पष्ट है कि यदि अगस्त के अंत तक कोई समाधान नहीं निकलता है तो श्व3 के लिए स्नैपबैक एक विकल्प बना रहेगा। ईरानी विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव को लिखा पत्र ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रविवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया कि तीनों यूरोपीय देशों के पास इस तरह के तंत्र को लागू करने के लिए कानूनी, राजनीतिक और नैतिक आधार का अभाव है।

# 26 देशों ने कहा- युद्ध रोके इस्राइल, निंदा प्रस्ताव पारित; अमेरिका-जर्मनी ने नहीं किए हस्ताक्षर

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन, फ्रांस और कई यूरोपीय देशों सहित 26 राष्ट्रों ने संयुक्त बयान जारी कर गाजा युद्ध को तुरंत समाप्त करने की मांग की है। दूसरी ओर, इस्राइली सेना ने सोमवार को पहली बार गाजा के मध्यवर्ती शहर दीर अल-बलाह में प्रवेश किया।

21 महीने के युद्ध में अब तक यह शहर बड़े युद्धक विनाश से बचा हुआ था। 26 देशों की ओर से संयुक्त बयान में गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों का हवाला दिया गया है। इसमें 800 से अधिक फलस्तीनियों की मौत को भयावह बताया गया। वे भोजन-पानी की तलाश में थे। उन्होंने अमेरिका समर्थित संगठन गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन के माध्यम से भेजे जा रहे भोजन वितरण के दौरान इस्राइली सैनिकों की गोलीबारी में सैकड़ों फलस्तीनियों के मारे जाने की भी निंदा की गई। इस बयान पर यूरोप के 20 देशों के साथ कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के विदेश मंत्रियों ने भी हस्ताक्षर किए, जबकि अमेरिका और जर्मनी इस



सूची में शामिल नहीं है। गौरतलब है कि गाजा की 20 लाख से ज्यादा फलस्तीनी आबादी भयावह मानवीय संकट से जूझ रही है। अब वे मुख्यतः उस क्षेत्र में आने वाली सीमित मानवीय सहायता पर निर्भर हैं। यहां पर तमाम लोग कई बार विस्थापित हो चुके हैं। गाजा में जारी लड़ाई ने क्षेत्र के अन्य हिस्सों में भी संघर्षों को जन्म दिया है। इसमें इस्राइल और यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के बीच संघर्ष भी शामिल है। दीर अल-बलाह में इस्राइली सेना के प्रवेश करने के कदम को गाजा को सैन्य गलियारों में बांटने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। बंधकों के परिवारों ने इस्राइल के इस पर चिंता जताई है। इस्राइल का मानना है कि इस क्षेत्र में हमास के कब्जे वाले बंधकों का रखा गया है। इस्राइल का दावा है कि ताजा सैन्य कार्रवाई का उद्देश्य हमास पर बंधकों को छोड़ने का दबाव बनाना है। क्योंकि बंधकों का मुद्दा युद्धविराम वार्ता में सबसे बड़ी बाधा बना हुआ है। गाजा में 21 महीने से ज्यादा समय से जारी लड़ाई में जान गंवाने वाले फलस्तीनियों की संख्या 59 हजार से अधिक हो गई है।

# ब्रिटेन की पूर्व सांसद का पति पर आरोप- 10 साल तक शोषण किया?

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन की पूर्व सांसद केट निवेटन ने अपने पति और पूर्व सांसद एंड्रयू ग्रिफिथ्स पर यौन शोषण और शादीशुदा जिंदगी में घरेलू हिंसा के गंभीर आरोप लगाए हैं। ब्रिटेन के टीवी चैनल आईटीवी1 की एक डॉक्यूमेंट्री में केट ने बताया कि ग्रिफिथ्स ने उनके साथ कई बार तब रेप किया, जब वह सो रही थीं। केट ने बताया वह तब मेरे साथ जबरन संबंध बनाता जब मैं नींद में होती थी। कई बार मैं बस सह लेती




थी, लेकिन कई बार रो देती थी। तब वह गुस्से में मुझे बिस्तर से लात मारकर बाहर फेंक देता था। मैं रोती थी, डरती थी, लेकिन वह कहता था- कोई तुम्हारी बात पर भरोसा नहीं करेगा, मैं सांसद हूं, पुलिस भी मेरे साथ है। मैं खुद को एक कमरे में बंद कर लेती या घर छोड़कर चली जाती थी। ग्रिफिथ्स और केट की शादी 2013 में हुई थी। हालांकि 5 साल बाद ही 2018 में दोनों अलग हो गए। एक घटना याद करते हुए केट ने बताया कि उनकी बेटी सिर्फ दो हफ्ते की थी। एक सुबह जब वह दूध के लिए रो रही थी और ग्रिफिथ्स संसद जाने की तैयारी कर रहा था। तब उसने बच्ची पर चिल्लाते हुए कहा- चुप हो जा हरामखोर.... केट आगे कहती है - लोग सोचते हैं कि मिडिल क्लास प्रोफेशनल लोगों के साथ ऐसा नहीं होता। लोगों को लगता है कि घरेलू हिंसा सिर्फ गरीब तबके में होती है, लेकिन सच ये है कि यह किसी के भी साथ हो सकती है। ब्रिटेन के एक फैमिली कोर्ट ने 2021 में माना कि ग्रिफिथ्स ने केट के साथ रेप किया और बार-बार शारीरिक हिंसा की। कोर्ट ने यह भी माना कि उसने मानसिक रूप से भी उन्हें प्रताड़ित किया। केट ने कहा कि वो 5 साल की यातना झेलने के बाद भी 5 साल तक कानूनी सिस्टम से लड़ती रहीं। केट के मुताबिक अलग होने के बाद भी ग्रिफिथ्स उन्हें 5 साल तक लीगल सिस्टम के जरिए परेशान करते रहे। केट की यह पूरी कहानी चैनल आईटीवी1 और उसके डिजिटल प्लेटफॉर्म आईटीवीएक्स पर ब्रेकिंग द साइलेंसः केट्स स्टोरी नाम की डॉक्यूमेंट्री में दिखाई जा रही है। इसमें केट की निजी कहानी के अलावा यह भी दिखाया गया है कि कैसे ब्रिटेन के फैमिली कोर्ट्स हर साल 30 हजार से ज्यादा घरेलू हिंसा के मामलों में कमजोर फैसले लेते हैं।

# निमिषा प्रिया को रिहा किया जाएगा, ईसाई प्रचारक केए पॉल का दावा; पीएम मोदी को कहा धन्यवाद

**सना, एजेंसी।** यमन की जेल में बंद भारतीय नर्ष निमिषा प्रिया को रिहा किया जाएगा। ईसाई धर्म के प्रचारक केए पॉल ने ये दावा किया है। साथ ही केए पॉल ने पीएम मोदी को धन्यवाद भी कहा है। ईसाई धर्म के प्रचारक और ग्लोबल पीस इनीशिएटिव के संस्थापक डॉ. केए पॉल ने मंगलवार रात को एक वीडियो संदेश में दावा किया कि यमन की राजधानी सना की जेल में बंद भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा रद्द कर दी गई है। डॉ. केए पॉल ने वीडियो संदेश में यमन के नेताओं को धन्यवाद दिया और उनकी कोशिशों की सराहना की।

**डॉ. केए पॉल ने पीएम मोदी को दिया धन्यवाद :** डॉ. केए पॉल ने कहा कि यमन के नेताओं ने बीते 10 दिनों तक दिन रात काम किया। डॉ. पॉल ने कहा कि मैं उन सभी नेताओं को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने निमिषा प्रिया की मौत की सजा को रद्द कराने में मदद की। भगवान के आशीर्वाद से निमिषा प्रिया को जल्द ही रिहा किया जाएगा और फिर वह भारत लौटेगी। मैं प्रधानमंत्री मोदी को भी धन्यवाद करता हूं, जो निमिषा प्रिया को ले जाने के लिए राजनयिक भेज रहे हैं। बीते हफ्ते भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी अपने एक बयान में बताया था कि सरकार निमिषा प्रिया को बचाने के लिए क्या-क्या कदम उठा रही है। सरकार ने निमिषा प्रिया के परिवार की मदद के लिए एक वकील भी नियुक्त किया है, जो यमन के कानून के मुताबिक उनकी मदद कर रहा है। साथ ही शरिया कानून के तहत निमिषा को माफी मिलने के कोशिशों की भी जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के बयान से पहले केरल के ग्रैंड मुफ्ती शेख अबुबकर अहमद



कांतापुरम ने बताया कि उन्होंने यमन के मुस्लिम धर्मगुरुओं से बात की है और उनसे निमिषा प्रिया की रिहाई की अपील की। शेख अबुबकर ने दावा किया कि उनके बात करने के बाद ही निमिषा को 16 जुलाई को दी जाने वाली फांसी की सजा टाल दी गई थी।

**निमिषा को यमन में क्यों मिली मौत की सजा :** केरल के पलक्कड़ की निवासी निमिषा प्रिया साल 2008 में एक नर्स के रूप में काम करने के लिए यमन गई थीं। वहां कई अस्पतालों में काम करने के बाद निमिषा प्रिया साल 2011 में केरल वापस आईं और यहां टॉमी थॉमस से उनकी शादी हुई। दोनों की एक बेटी है, जो इस समय केरल में रहती है। साल 2015 में निमिषा ने यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी के साथ मिलकर एक मेडिकल क्लीनिक की शुरुआत की थी। साल 2017 में महदी का शव एक वॉटर टैंक में पाया गया और हत्या का आरोप निमिषा पर लगा। आरोप है कि निमिषा ने नींद की दवा की अधिक डोज देकर महदी की हत्या की और उनके शव को छिपाने की कोशिश की। इसके एक महीने बाद निमिषा को यमन-सऊदी अरब की सीमा से गिरफ्तार किया गया। निमिषा के वकील ने दलील दी कि महदी ने निमिषा का शारीरिक उत्पीड़न किया और उसका पासपोर्ट भी जब्त कर लिया था और निमिषा को धमकाया था। हालांकि तलाल अब्दो महदी के भाई ने इन आरोपों से इनकार किया। साल 2020 में, सना की एक अदालत ने निमिषा को मौत की सजा सुनाई। साल 2023 में यमन के सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस सजा को बरक़रार रखा। निमिषा प्रिया फ़िलहाल सना जेल में बंद है। निमिषा प्रिया के लिए कथित मसीहा बने सैमुअल जेरोम पर तलाल के परिवार ने सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। तलाल अब्दो महदी के भाई अब्दुल फतह ने कहा है कि सैमुअल जेरोम ने उनके परिवार से कभी मुलाकात ही नहीं की। उन्होंने कहा कि जेरोम निमिषा प्रिया के नाम पर अवैध रूप से फंड इकट्ठा कर रहे हैं। उन्होंने जेरोम पर 40 हजार डॉलर के गबन का आरोप लगाया है।

# भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को तीसरे एकदिवसीय में हराकर 2-1 से सीरीज जीती

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मेजबान इंग्लैंड को तीसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में 13 रनों से हराकर 2-1 से सीरीज जीत ली है। भारतीय महिलाओं ने इससे पहले टी20 सीरीज भी जीती थी। ये पहली बार है जब महिला टीम ने टी20 और एकदिवसीय दोनो ही सीरीज जीती हैं। भारतीय महिला टीम ने इससे पहले दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के खिलाफ भी इसी प्रकार एकदिवसीय और टी20 सीरीज जीतीं थीं। इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान हरमनप्रीत कौर के शतक की सहायता से पांच विकेट पर 318 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 49.5 ओवरों में 305 रन ही बना पायी और उसे हार का सामना करना पड़ा। क्रांति गौड़ ने छह विकेट अपने नाम किए, जबकि श्री चरणी ने दो विकेट लिए। एक विकेट दीप्ति शर्मा को मिला।

भारतीय पारी की शुरुआत अच्छी रही। प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना ने पहले विकेट के लिए 64 रन बनाये। प्रतिका 26, जबकि मंधाना 45 रन बनाकर आउट हुईं। सलामी बल्लेबाजों के पवेलियन लौटने के बाद हरमनप्रीत ने हरलीन देओल के साथ तीसरे विकेट के लिए 81 रन बनाये। देओल ने 65 गेंदों में 45 रन बनाए। हरमनप्रीत ने जेमिमा रोड्रिगेज के साथ चौथे विकेट के लिए 110 रन बनाकर भारतीय टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। जेमिमा ने 50 रन जबकि हरमनप्रीत ने 84 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 102 रन बनाये। वहीं मेजबान टीम की तरफ से लॉरेन बेल, लॉरेन फाइलर, चार्ली डीन, सोफी एक्लेस्टोन और लिंसी स्मिथ ने एक-एक विकेट लिया। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही, उसने शुरुआत में ही दोनो विकेट खो दिये। इसके बाद एम्मा लैंब ने कप्तान नतालिया-साइवर-ब्रंट के साथ तीसरे विकेट के लिए 162 रन बनाकर टीम को संभालने का प्रयास किया पर लैंब के 68 रन जबकि ब्रंट के 98 रन पर आउट होने से टीम ढ़ह गयी। एलिस रिचर्ड्स ने 44, जबकि सोफिया डंकले ने 34 रन बनाए पर टीम को जीत नहीं दिला पायीं।




# केएल राहुल के इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन पूरे, भारत के दिग्गज खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल हुए



**मैनचेस्टर (यूके) (एजेंसी)।** केएल राहुल ने इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन पूरे कर लिए हैं। सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, सुनील गावस्कर और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के बाद ऐसा करने वाले वे केवल पांचवें भारतीय बन गए हैं।

इस लिस्ट में 1575 रनों के साथ तेंदुलकर पहले स्थान पर हैं, उनके बाद द्रविड़ (1376), गावस्कर (1152) और कोहली (1096) का स्थान है। अब राहुल इस सूची में शामिल हो गए हैं और अपने करियर में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इंग्लैंड में 12 टेस्ट मैचों में उन्होंने चार शतक और दो अर्धशतक बनाए हैं। इंग्लैंड में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 149 रन है। यह सीरीज इंग्लैंड के पक्ष में 2-1 से होने के कारण भारत को चौथे मैच में जीत दर्ज करनी होगी। इसके लिए यह ज़रूरी है कि केएल बल्लेबाजी की शुरुआत करते हुए सारा दबाव झेलें, नई गेंद को पुराना होने दें और अपने बेहतरीन कवर ड्राइव को कुछ सावधानी से लीव शॉट लगाकर संतुलित करें। भारत ने मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट में आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की है, जहां दोनों सलामी बल्लेबाजों ने पारी के शुरुआती दौर में अच्छा नियंत्रण और संयम दिखाया।

केएल के पास इस सीरीज को अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट प्रदर्शन में बदलने का पूरा मौका है। उनकी सर्वश्रेष्ठ टेस्ट सीरीज 2016-17 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेली गई सीरीज रही है जिसमें उन्होंने चार मैचों और सात पारियों में 65.50 की औसत से 393 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम 6 अर्धशतक और 90 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल है।

अपने फॉर्म में उतार-चढ़ाव के बावजूद वह एशिया के बाहर भारत के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में से एक हैं, क्योंकि उनके 10 में से 9 टेस्ट शतक घर से बाहर आए हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उनके 7 टेस्ट शतक दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड और ऑस्ट्रेलिया (स्श्वह्न) देशों में आए हैं, जिनमें से एक शतक ऑस्ट्रेलिया में और दो दक्षिण अफ्रीका में आए हैं। टीम में एक वरिष्ठ खिलाड़ी के रूप में केएल ने युवाओं और पुरानी पीढ़ी के बीच एक आदर्श कड़ी के रूप में काम किया है। जबकि आलोचकों ने पहले उन्हें प्रत्येक टेस्ट मैच के साथ गति और रन खोने के लिए सही ढंग से कोसा था, केएल ने इस बार अपने बल्ले से उन्हें चुप करा दिया है।

# अंशुल कंबोज का टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू, पारी में ले चुका है 10 विकेट



**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार 23 जुलाई से खेले जा रहे चौथे टेस्ट के लिए अंशुल कंबोज को टेस्ट में डेब्यू का अवसर मिला। इससे पहले फिट होने की कोशिशों में जुटे आकाश दीप और अर्शदीप सिंह के कवर के तौर पर तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज को भारतीय टीम में शामिल किया गया था। ग्रोइन की चोट से जूझ रहे आकाश दीप ने दूसरा और तीसरा टेस्ट खेला था जबकि अर्शदीप इस श्रृंखला में अभी तक नहीं खेल सके हैं और उन्हें भी चोट लगी है।

आकाश दीप की उपलब्धता पर कोई स्पष्टता नहीं है जबकि अर्शदीप का मैनचेस्टर टेस्ट में खेलना मुश्किल ही लग रहा है जिसकी वजह से चयनकर्ताओं ने कम्बोज को बुलाया। अर्शदीप को नेट सत्र के दौरान साइ सुदर्शन का एक शॉट बचाते समय बाएं हाथ में चोट लगी थी। सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा था, 'हम मैनचेस्टर टेस्ट पास आने पर टीम संयोजन के बारे में फैसला लेंगे, खासकर अर्शदीप की स्थिति को ध्यान में रखते हुए।' उन्होंने कहा था, 'उसे कट लगा है लेकिन देखना है कि यह कितना गहरा है। मेडिकल टीम उसे डॉक्टर के पास ले गई है और देखना है कि उसे टांके आते हैं या नहीं।'

### कौन हैं अंशुल कंबोज

अंशुल कंबोज का जन्म 6 दिसम्बर 2000 को हरियाणा के करनाल में हुआ था। अंशुल दाएं हाथ के ऑलराउंडर हैं जो मध्यम गति की गेंदबाजी भी करते हैं। वह घरेलू क्रिकेट में हरियाणा के लिए खेलते हैं। वह आईपीएल में भी खेल चुके हैं। वर्तमान में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हैं जबकि इससे पहले मुंबई इंडियंस के लिए खेलते थे।

कंबोज ने टेस्ट श्रृंखला से पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों में भारत ए के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने नॉर्थम्पटन और कैंटरबरी में चार पारियों में 5 विकेट लिए। उन्होंने पिछले साल केरल के खिलाफ लाहली में रणजी ट्रॉफी मैच में हरियाणा के लिए एक पारी के 10 विकेट चटकाए थे। वह बंगाल के प्रेमांग्शु चटर्जी (1956 . 57) और राजस्थान के प्रदीप सोमासुंदरम (1985 . 86) के बाद यह कारनामा करने वाले तीसरे गेंदबाज बने थे। उन्होंने पिछले सत्र में छह रणजी मैचों में 34 विकेट लिए थे।

# रसेल ने अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच में आक्रामक पारी खेली, प्रशंसकों का आभार जताया

**जमैका (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने अपने अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच में आक्रामक पारी खेली हालांकि इस मैच में उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा जिससे उनकी विदायी फीकी पड़ गयी। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में जोश इंग्लिस की अर्धशतकीय पारी से आसानी से जीत हासिल कर की। इस मैच में सभी की नजरें रसेल पर लगी रहीं। उन्हें देखने के लिए भारी संख्या में प्रशंसक भी स्टेडियम में पहुंचे थे। इस विदायी पार्टी में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज इंग्लिस ने 33 गेंदों में ही 78 रन बनाए। रसेल ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वह इस मैच के बाद खेल को अलविदा कह देंगे। वह सबीना पार्क में अपने घरेलू मैदान में विदाई मैच खेलना चाहते थे और उनका ये सपना पूरा हो गया। इस मैच में रसेल ने 15 गेंदों में 2 चौके और 4 छक्कों की मदद से 36 रन बनाये। इस दौरान उनका



स्ट्राइक रेट 240 का था। वेस्टइंडीज टीम 20 ओवर में 172 रन बना पाई। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने जीत के लिए मिले 173 रनों के लक्ष्य को 16वें ओवर में ही हासिल कर लिया।

मैच के बाद रसेल ने कहा, मैं सभी प्रशंसकों को समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। घरेलू दर्शकों के सामने खेलकर बहुत खुशी हुई, परिणाम भले ही हमारे पक्ष में नहीं गया पर इतने सारे मैच खेलकर मैं खुश हूं और टीम के भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। आप सभी के समर्थन के लिए में आभारी हूं, मुझे याद है कि हमने दो विश्व कप जीते थे पर अब अंत में मुझे लगता है कि अब आगे बढ़ने का समय आ गया था, हमारी टीम में कई अच्छे युवा खिलाड़ी हैं, शेफर्ड भी जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं और रदरफोर्ड, अल्ज़ारी और होल्डर जैसे खिलाड़ी भी हैं। सबीना पार्क में अपने करियर का समापन करना काफी अच्छा रहा, परिणाम हमारे पक्ष में नहीं गया पर यहीं क्रिकेट का यही खेल है। आपने हमारा बहुत साथ दिया है और आगे भी देते रहिए।

रसेल ने 2011 में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू के बाद से ही 86 मैचों में 163.80 के स्ट्राइक रेट से कुल 1122 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 3 अर्धशतक भी लगाये। वहीं गेंदबाजी के दौरान उन्होंने 61 विकेट विकेट लिए। उनका सबसे अच्छा गेंदबाजी प्रदर्शन 19 रन देकर 3 विकेट रहा है। उन्होंने 56 एकदिवसीय ओर एक टेस्ट खेला है पर इन दोनो ही प्रारुपों में वह सफल नहीं रहे हैं।

# पाकिस्तान को एफआईएच हॉकी प्रो लीग का औपचारिक निमंत्रण मिला

लुसाने (स्विट्ज़रलैंड)। हॉकी न्यूजीलैंड द्वारा पिछले महीने एफआईएच हॉकी नेशंस कप जीतने के बावजूद अगले एफआईएच हॉकी प्रो लीग पुरुष सत्र में भाग न लेने के अपने निर्णय की अंतररष्ट्रीय हॉकी महासंघ को सूचना देने के बाद, एफआईएच ने नियमों के अनुसार, नेशंस कप उपविजेता, यानी पाकिस्तान को 2025-26 प्रो लीग संस्करण में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। पाकिस्तान हॉकी संघ को निमंत्रण स्वीकार या अस्वीकार करने के अपने निर्णय के बारे में एफआईएच को सूचित करने के लिए 12 अगस्त तक की समय सीमा दी गई है। 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग में डच महिला और पुरुष दोनों टीमों को चैंपियन घोषित किया गया। आगामी सत्र' लीग ऑफ द बेस्ट 'का सातवां सत्र होगा।

# सुंदर भविष्य में बेहतर ऑलराउंडर बनाकर उभरेगा : शास्त्री

मैनचेस्टर। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रहे रवि शास्त्री ने वाशिंगटन सुंदर की जमकर सराहना ही है। शास्त्री के अनुसार सुंदर एक अच्छे गेंदबाज होने के साथ ही अच्छी बल्लेबाजी भी करते हैं। ऐसे में वह भविष्य में बेहतर ऑलराउंडर के तौर पर उभरेंगे। इसलिए उन्हें अधिक से अधिक अवसर दिये जाने चाहिये। इस स्पिनर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2021 में ब्रिसबेन में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से ही अब तक केवल 11 टेस्ट मैच खेले हैं। जिसमें उनके नाम 30 विकेट और 545 रन हैं। शास्त्री ने कहा, 'मुझे शुरूआत से ही सुंदर प्रतिभाशाली लगा। मैंने उसे पहली बार देखते ही जान लिया था कि वह एक अच्छा खिलाड़ी है और उसमें एक अच्छा ऑलराउंडर बनने की क्षमताएं है। शास्त्री का मानना है कि इस क्रिकेटर को घरेलू धरती पर घूमती हुई पिचों पर लाल गेंद से अधिक मैच खेलने चाहिए थे। उन्होंने कहा, 'वह अभी सिर्फ 25 साल का है। मुझे लगता है कि उसे और ज़्यादा टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहिये था। भारत में जहां गेंद टर्न ले रही हो, वहां वह घातक साबित हो सकता है, जैसा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ उसने प्रदर्शन किया था। उसने कुछ सीनियर स्पिनरों से बेहतर प्रदर्शन किया था और इसके साथ ही वह अच्छा बल्लेबाज भी है।

# आईएसएल इसी प्रकार स्थागित रहा तो फुटबॉल पीछे चला जाएगा : छेत्री

कोलकाता। भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री का मानना है कि इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित बने रहने से देश में फुटबॉल को नुकसान होगा। छेत्री के अनुसार इससे खिलाड़ियों में संशय के हालात हैं। इससे प्रशंसकों में भी कई आशंकाएं हैं। छेत्री इस लीग में बेंगलुरु एफसी की ओर से खेलते हैंऔर अनका कहना है कि कई लोगों ने उनसे संपर्क कर देश में फुटबॉल के भविष्य को लेकर चिन्ताएं जतायी हैं। साथ ही कहा कि इससे खेल में उभर रहीं प्रतिभाओं का भी मनोबल गिरेगा। इस स्टार फुटबॉलर ने कहा, मुझे सबसे पहले ये चिंता हुई कि मेरे पास खेल का जो समय बचा है उसमें मुझे क्या करना होगा। इसके बाद कई क्लबों के खिलाड़ियों से बात करने के बाद मुझे लगा कि मेरी समस्या उतनी बड़ी नहीं है। भारतीय फुटबॉल की वर्तमान स्थिति बहुत चिंताजनक है। मुझे न केवल मेरे क्लब से, बल्कि अन्य क्लबों से भी खिलाड़ियों, स्टाफ सदस्यों, फिजियो, आदि के कई संदेश मिले हैं। छेत्री ने कहा कि, भारतीय फुटबॉल में अभी जो स्थिति बनी हुई है, वैसी पहले कभी नहीं थी। इसी कारण इस खेल से जुड़े लोग चिंतित, और घबराये हुए हैं। गौरतब है कि आयोजकों और अखिर भारतीय फुटबॉल महासंघ के बीच करार का नवीनीकरण नहीं होने से 2025-26 के सत्र को अनिश्चितता के लिए स्थगित कर दिया गया है। आईएसएल लीग आमतौर पर सितंबर से अप्रैल तक चलती है।



# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया

**किंगस्टन(एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को लगातार दूसरे टी20 में हरा दिया है। जमैका के किंग्सटन के सबीना पार्क में खेले गए मुकाबले में कंगारुओं ने आठ विकेट से जीत हासिल की। जोश इंगलिस और कैमरन ग्रीन ने तूफानी पारियां खेलीं। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 15.2 ओवर में दो विकेट पर 173 रन बनाकर मैच जीत लिया। इंगलिस 33 गेंद में सात चौके और पांच छक्के की मदद से 78 रन बनाकर नाबाद रहे।

वहीं, कैमरन ग्रीन ने 32 गेंद में तीन चौके और चार छक्के की मदद से 56 रन की नाबाद पारी खेली। इंगलिस को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पहला टी20 ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट से अपने नाम किया था और अब दूसरा टी20 जीतकर सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। वहीं, पांच मैचों की सीरीज का तीसरा टी20 26 जुलाई को सेंट किट्स में खेला जाएगा।




ऑस्ट्रेलिया के लिए इस मैच में ग्लेन मैक्सवेल ओपनिंग के लिए आए थे, लेकिन वह फेल रहे।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम की शुरुआत सधी हुई रही थी। ब्रैंडन किंग और कप्तान शाई होप ने पहले विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी निभाई। हालांकि, इसमें ज्यादातर योगदान किंग का रहा। किंग ने अर्धशतक जमाया। वह 36 गेंद में तीन चौके और चार छक्कों की मदद से 51 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, कप्तान होप 13 गेंद में नौ रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मध्यक्रम पूरी तरह विफल रहा।

शिमरोन हेटमायर 10 गेंद में 14 रन, रोस्टन चेज 16 गेंद में 16 रन, रोवमन पॉवेल 14 गेंद में 12 रन और शेरफेन रदरफोर्ड खाता खोले बिना आउट हुए। अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे आंद्रे रसेल ने 15 गेंद में दो चौके और चार छक्कों की मदद से 36 रन की पारी खेली और स्कोर 130 के पार पहुंचाया। होल्डर एक रन बनाकर आउट हुए। आखिर में गुडाकेश मोती ने नौ गेंद में एक चौका और दो छक्कों की मदद से नाबाद 18 रन बनाए और स्कोर 172 तक ले गए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एडम जैम्पा ने तीन विकेट लिए, जबकि नाथन एलिस और मैक्सवेल को दो-दो विकेट मिले। वहीं, बेन ड्वारशुइस को एक विकेट मिला।

जवाब में ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही थी। ग्लेन मैक्सवेल 10 गेंद में एक चौका और एक छक्के की मदद से 12 रन और कप्तान मिचेल मार्श 17 गेंद में एक चौका और दो छक्के की मदद से 21 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद इंगलिस और ग्रीन ने रही सही कसर पूरी कर दी। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 131 रन की नाबाद साझेदारी निभाई। इंगलिस ने 33 गेंद में सात चौके और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 78 रन और ग्रीन ने 32 गेंदों में तीन चौके और चार छक्कों की मदद से नाबाद 56 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से होल्डर और जोसेफ को एक-एक विकेट मिला।

# पीवी सिंधु ने विश्व नंबर 6 तोमोका मियाजाकी को हराया, प्री-क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश




चांगझोउ। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने बुधवार को चांगझोउ के ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम में चल रहे प्रतिष्ठित बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट चाइना ओपन 2025 में रोमांचक जीत के साथ महिला एकल के राउंड-ऑफ-16 में प्रवेश किया। विश्व नंबर 6 जापान की तोमोका मियाजाकी के खिलाफ, सिंधु (विश्व रैंकिंग 15) ने अपनी विशिष्ट दृढ़ता का परिचय देते हुए तीन गेमों के कड़े मुकाबले में 21-15, 8-21, 21-17 से जीत हासिल की। दूसरा गेम हारने के बाद, भारतीय खिलाड़ी ने निर्णायक गेम में बढ़त बनाए रखते हुए जीत पक्की कर ली। पुरुष युगल में, विश्व की 12वें नंबर की जोड़ी, सात्विक-चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राउंड-ऑफ-16 में प्रवेश किया। इस जोड़ी ने जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को सीधे गेमों में 21-13, 21-9 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस बीच महिला युगल में, पांडा बहनों, रुतपर्णा और श्वेतपर्णा को हांगकांग-चीन की अनुभवी जोड़ी के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा और उन्होंने अपना अभियान समाप्त किया।

# करुण नायर के पास अपने को साबित करने का अंतिम अवसर

लंदन। आठ साल बाद इंग्लैंड दौरे से भारतीय टीम में वापसी करने वाले करुण नायर अगर इस बार रन नहीं बना पाते हैं तो उनका करियर समाप्त हो जाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ पहले तीन टेस्ट मैचों में वह असफल रहे हैं। घरेल क्रिकेट में लगातार बेहतर प्रदर्शन के कारण उन्हें टीम में अवसर मिला था पर वह अब तक उसका लाभ नहीं उठा पाये हैं। सीरीज के शुरुआती तीनों मैच में वह प्रभावित नहीं कर पाये। अच्छी शुरुआत करने के बावजूद वह बड़े स्कोर नहीं बना पाये हैं। उन्हें एक के बाद दूसरे और तीसरे टेस्ट में भी अवसर मिले। नायर ने मौजूदा सीरीज में अब तक 3 टेस्ट की 6 पारियों में 21.83 की औसत से 131 रन बनाए हैं। कप्तान शुभमन गिल ने चौथे टेस्ट से पहले करुण का बचाव करते हुए कहा, 'हां, हमने उससे बात की है लेकिन हम समझते हैं कि वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। इस तरह की सीरीज में कोई खिलाड़ी वापसी करता है तो वह कठिन होता है। पर हम नहीं समझते कि उनकी बल्लेबाजी के साथ कोई मामला है। वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं।

# एकल मैच जीतने वाली सबसे उम्रदराज महिला बनीं वीनस विलियम्स

वाशिंगटन। वीनस विलियम्स पेशेवर टेनिस में टूर-स्तरीय एकल मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला बन गई हैं। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस ने 45 साल की उम्र में अपने कुछ चिर परिचित सर्व और ग्राउंडस्ट्रोक का शानदार नजारा पेश किया और डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने से 22 वर्ष छोटी पीटन स्टर्न्स को 6-3, 6-4 से हराया। वीनस से अधिक उम्र में महिला एकल का मैच केवल मार्टिना नवरातिलोवा ने जीता है। नवरातिलोवा ने आखिरी बार 2004 में 47 वर्ष की उम्र में एकल मैच में जीत हासिल की थी। उन्होंने मैच के बाद कहा, 'जब मैं अभ्यास कर रही थी तो सोच रही थी कि हे भगवान, मुझे नहीं पता कि मैं अब भी अच्छी खिलाड़ी हूं या नहीं। फिर कुछ ऐसे मौके भी आते थे जब मुझे खुद पर भरोसा होता था। यहां तक कि पिछले सप्ताह भी मैं सोच रही थी कि मुझे अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है। इसलिए यह पूरा दिमाग का खेल है।' वीनस एक साल से भी अधिक समय बाद किसी टूर्नामेंट में भाग ले रही है। इससे पहले उन्होंने युगल मैच जीतकर शानदार वापसी की थी। अब उन्होंने दो वर्षों में पहली बार एकल मैच जीता है।



# राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक पर बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला की पहली प्रतिक्रिया आई सामने

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने घोषणा की कि वे पहले राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक का अध्ययन करेंगे, जो बुधवार को संसद में पेश किया जाना है, और उसके बाद ही वे इस पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। खेल मंत्रालय के सूत्रों ने मंगलवार ने खुलासा किया कि बीसीसीआई प्रस्तावित राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक 2025 के दायरे में आएगी जिसे संसद के मानसून सत्र में पेश किए जाने की उम्मीद है। हालांकि बीसीसीआई सरकारी धन पर निर्भर नहीं है, फिर भी विधेयक में इसके शामिल होने की व्यापक रूप से उम्मीद थी, खासकर 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भारतीय क्रिकेट टीम की प्रस्तावित भागीदारी को देखते हुए।

शुक्ला ने विधेयक पेश होने से पहले इस पर कोई टिप्पणी करने से परहेज किया और कहा, %हमें विधेयक पेश होने के बाद इसका अध्ययन करना होगा। उसके बाद ही मैं इस पर अपने विचार व्यक्त कर सकता हूं।' बीसीसीआई तमिलनाडु सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1975 के तहत पंजीकृत है। बीसीसीआई भारत में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट के सभी पहलुओं की देखरेख के लिए जिम्मेदार है। फिलहाल बीसीसीआई 45 मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघों के अंतर्गत नहीं आता है। अगर भारतीय क्रिकेट बोर्ड इस विधेयक के दायरे में आता है, तो वह सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के अधीन भी आ सकता है।

अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, राष्ट्रीय खेल महासंघों (NSF) के चुनावों और खिलाड़ियों के चयन को लेकर बार-बार होने वाले मुकदमेबाजी, एक समर्पित विवाद समाधान मंच का अभाव, महासंघों में खिलाड़ियों का कमजोर या नाममात्र का प्रतिनिधित्व, खेल नेतृत्व में लैंगिक असंतुलन और सभी महासंघों में मानक चुनावी प्रक्रिया का अभाव जैसी समस्याओं का समाधान करेगा।

उन्होंने कहा कि यह हस्त्न में वित्तीय अस्पष्टता और खराब प्रशासन के साथ-साथ आंतरिक शिकायत निवारण प्रणालियों के अभाव से निपटने में भी मदद करेगा। राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक का उद्देश्य खेल निकायों के पारदर्शी और निष्पक्ष संचालन के लिए एक कानूनी ढांचा स्थापित करना है जिससे निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व अनिवार्य हो जाएगा। इसका उद्देश्य खेल न्यायाधिकरण के माध्यम से विवादों का त्वरित समाधान और चुनाव पैनल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी



चुनाव सुनिश्चित करना है। अधिकारियों ने कहा कि सरकार की भूमिका नियंत्रक की नहीं, बल्कि सुविधा प्रदाता की होगी।

# अमेरिका-जापान के बीच ऐतिहासिक व्यापार समझौता

## - टैक्स दर 15 फीसदी तय, 550 अरब डॉलर का निवेश करेगा जापान



**वाशिंगटन।**

अमेरिका और जापान के बीच एक बड़ा व्यापार समझौता हुआ है, जिसकी घोषणा अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को की। इस समझौते के तहत जापान से अमेरिका में आने वाले सामानों पर अब 15 प्रतिशत टैक्स लगाया जाएगा। इससे पहले ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि अगर 1 अगस्त तक समझौता नहीं हुआ, तो यह टैक्स 25 प्रतिशत तक बढ़ा दिया जाएगा। समझौते के अनुसार, जापान अमेरिका में 550 अरब डॉलर का भारी-भरकम निवेश करेगा। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म **Truth Social** पर इस समझौते को इतिहास का सबसे बड़ा करार दिया। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस निवेश से होने वाले 90 प्रतिशत मुनाफे पर अमेरिका का अधिकार होगा और इससे लाखों नई नौकरियाँ उत्पन्न होंगी। इसके साथ ही जापान अब अमेरिकी कारों, ट्रकों, चावल और अन्य कृषि उत्पादों के लिए अपने बाजार के द्वार खोलेगा। ट्रंप ने बताया कि यह समझौता अमेरिका के वैश्विक व्यापारिक हितों को मजबूत करेगा और घरेलू उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ाएगा। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने समझौते पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें इसकी विस्तृत जानकारी लेकर समीक्षा करनी होगी। यह समझौता ऐसे समय हुआ है जब जापान की सत्ताधारी पार्टी ने हालिया चुनावों में ऊपरी सदन में बहुमत खो दिया है। इससे पहले ट्रंप ने फिलीपींस और इंडोनेशिया के साथ भी व्यापारिक समझौते किए, जहां फिलीपींस पर 19 फीसदी टैक्स तय किया गया, जबकि अमेरिकी सामानों पर कोई टैक्स नहीं लगाया गया।

यह समझौता अमेरिका की आक्रामक व्यापार नीति का हिस्सा माना जा रहा है।

# सोने का भाव 1 लाख के पार, चांदी भी सार्वज निक स्तर पर

## - सोना -1,00,400 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी लगभग 1,16,200 रुपए

**नई दिल्ली ।**

सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में तेजी देखी जा रही है। बुधवार के कारोबारी दिन चांदी के वायदा भाव लगातार दूसरे दिन सार्वजे निक स्तर पर पहुंच गए। घरेलू बाजार में बुधवार को सोने के भाव 1,00,400 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,16,200 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार सोने के शुरुआती कारोबार में नरमी, जबकि चांदी में तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 124 रुपये की तेजी के साथ 1,00,453 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,00,329 रुपये था। इस समय यह 61 रुपये की तेजी के साथ 1,00,390 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट 549 रुपये की तेजी के साथ 1,16,204 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,15,655 रुपये था। इस समय यह 577 रुपये की तेजी के साथ 1,16,232 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई।

हालांकि बाद में सोने के भाव गिर गए। कॉमेक्स पर सोना 3,444.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,443.70 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 5.80 डॉलर की गिरावट के साथ 3,437.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 39.64 डॉलर के भाव पर खुले।

# 8वें वेतन आयोग पर कर्मचारी प्रतिनिधियों ने सरकार को सौंपी सिफारिशें

## - पुरानी पेंशन योजना बहाली से लेकर वेतन बढ़ोतरी की मांग




**नई दिल्ली।**

सरकारी कर्मचारियों के वेतन की समीक्षा के लिए गठित 8वें केंद्रीय वेतन आयोग की घोषणा के छह महीने बाद कर्मचारी प्रतिनिधियों ने महत्वपूर्ण सिफारिशें सरकार को सौंपी हैं। इन सिफारिशों का असर करीब 45 लाख कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनभोगियों पर पड़ेगा, जिनमें रक्षा सेवाओं के कर्मी भी शामिल हैं। राष्ट्रीय संयुक्त परामर्श तंत्र ने सुझाव दिया है कि 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए। इसके अलावा, सेवानिवृत्ति लाभों में सुधार, कैशलेस चिकित्सा सेवाओं की व्यवस्था, और कर्मचारियों के बच्चों के लिए शिक्षा भत्ता व छात्रावास सब्सिडी की मांग की गई है। एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव में मानक उपभोग यूनिट को 3 से बढ़ाकर 3.6 करने की सिफारिश की गई है। यह बदलाव न्यूनतम वेतन निर्धारण के आधार को प्रभावित करेगा और इससे शुरुआती वेतन में वृद्धि की संभावना बन सकती है। यह सुझाव 2019 में श्रम मंत्रालय द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों पर आधारित है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में बताया कि सरकार को एनसी-जेसीएम से ये सुझाव प्राप्त हुए हैं। हालांकि ये सिफारिशें बाध्यकारी नहीं होतीं, लेकिन कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग और व्यय विभाग इनकी समीक्षा के बाद इन्हें कैबिनेट के सामने अंतिम अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करते हैं। 8वें वेतन आयोग के 1 जनवरी, 2026 से लागू होने की संभावना है। यह आयोग 15वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए वेतन ढांचा और न्यूनतम वेतन नीति तय करेगा।

# वोदका ब्रांड स्मिरनॉफ ने भारत में लांच किए तीन नए ब्रांड




**नई दिल्ली ।**

इंटरनेशनल वोदका ब्रांड स्मिरनॉफ ने भारत में तीन देसी स्वादों जामुन, आम और नींबू के साथ अपने नए प्रोडक्ट लॉन्च किए हैं। देश में बढ़ती अल्कोहल की मांग को देखते हुए देशी और विदेशी ब्रांड अपने उत्पादों को स्थानीय रंग-रूप देने में जुटे हैं, और स्मिरनॉफ का यह कदम उसी दिशा में एक नया प्रयोग है।

भारतीय उपभोक्ताओं की भावनाओं और स्वाद की पसंद को ध्यान में रखते हुए स्मिरनॉफ ने मिंटी जामुन, मिर्ची मैंगो और जेस्टी लाइम जैसे फ्लेवर बाजार में उतारे हैं। कंपनी का मानना है कि जब ग्लोबल ब्रांड देसी स्वाद में ढलेंगे, तो ग्राहकों से भावनात्मक जुड़ाव और खरीदारी की संभावना बढ़ेगी। इन फ्लेवरों के जरिए न केवल एक अलग टेस्ट का अनुभव मिलेगा, बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक जुड़ाव का माध्यम भी बन सकते हैं। फिलहाल यह नए फ्लेवर केवल कुछ राज्यों कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र में ही उपलब्ध हैं। लेकिन कंपनी की योजना है कि इन्हें धीरे-धीरे देश के अन्य हिस्सों में भी उतारा जाए। कंपनी का उद्देश्य है कि युवा वर्ग जो नए और अनोखे स्वादों की तलाश में रहता है, उसे एक एडवेंचरस और यादगार अनुभव दिया जाए। डियाजियो इंडिया की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर रुचिरा जेटली के अनुसार, भारतीय युवा उपभोक्ता अब पारंपरिक से हटकर कुछ नया चाहते हैं। वे चाहते हैं कि वैश्विक ब्रांड उनके स्थानीय स्वाद और संस्कृति से जुड़ें। मिंटी जामुन भारतीयों के बचपन की यादों से जुड़ा हुआ स्वाद है, मिर्ची मैंगो आम के तीखेपन को एक नए अंदाज़ में पेश करता है, और जेस्टी लाइम पारंपरिक नींबू के स्वाद को ताज़गी से भर देता है। इन नए फ्लेवरों को लॉन्च करना कंपनी की मार्केट स्ट्रैटेजी का अहम हिस्सा है, जिससे वह भारतीय बाजार में और गहरी पैठ बनाना चाहती है। स्मिरनॉफ का यह देसी अवतार निश्चित रूप से उन लोगों को आकर्षित करेगा, जो परंपरा और आधुनिकता का एक नया मेल तलाश रहे हैं।

# 16वें वित्त आयोग को स्थानीय निकायों को अधिक धन आवंटित करने पर ध्यान देना चाहिएः राजन

## - स्थानीय स्तर पर लोगों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से सुलझाने में मदद मिलेगी

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि 16वें वित्त आयोग को स्थानीय निकायों, जैसे नगर पालिकाओं और पंचायतों को अधिक धनराशि आवंटित करने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उनका मानना है कि इससे स्थानीय स्तर पर लोगों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से सुलझाने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि पहले के वित्त आयोगों ने मुख्य रूप से राज्यों को धनराशि दी है, लेकिन अब राज्यों से स्थानीय निकायों को धन हस्तांतरण की आवश्यकता है। राजन ने चीन और अमेरिका का उदाहरण देते हुए कहा कि उन देशों में स्थानीय सरकारी कर्मचारियों की संख्या भारत की तुलना में कहीं अधिक है, जिससे वहां के स्थानीय प्रशासन मजबूत होते हैं। उन्होंने भारत जैसे विशाल देश में विकेंद्रीकरण की जरूरत पर जोर दिया, ताकि प्रशासनिक और निर्णय लेने की जिम्मेदारियां केंद्र से लेकर राज्यों और स्थानीय निकायों तक पहुंचें।

राजन ने सुझाव दिया कि वित्त आयोग को स्थानीय निकायों को धन आवंटित करने के लिए प्रलोभन और दंड का भी उपयोग करना चाहिए। इसके अलावा 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने बताया कि अधिकांश राज्यों ने केंद्र से कर राजस्व में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की है, जबकि वर्तमान में यह 41 प्रतिशत है। राजन ने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) पर कहा कि इस योजना के प्रभाव को मापने के लिए सार्वजनिक आंकड़े अभी सीमित हैं। हालांकि मोबाइल फोन के निर्यात में वृद्धि हुई है, लेकिन रोजगार सृजन में बड़े बदलाव नहीं दिखे हैं।

# पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन 97 कम्यु निकेशन को 122.5 करोड़ का मुनाफा




नई दिल्ली । पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन 97 कम्यु निकेशन ने मंगलवार को बाजार बंद होने के बाद अपनी पहली तिमाही के नतीजे जारी किए। यह तिमाही कंपनी के लिए एक टर्नअराउंड मोमेंट लेकर आई, क्योंकि पहली बार कंपनी ने अपने मुख्य बिजनेस से 122.5 करोड़ का मुनाफा दर्ज किया है। पिछले साल इसी तिमाही में पेटीएम को 838.9 करोड़ का भारी नुकसान हुआ था, जबकि पिछली तिमाही में भी कंपनी को 539.8 करोड़ का घाटा हुआ था। हालांकि दूसरी तिमाही 25 में भी कंपनी मुनाफे में थी, लेकिन वो मुनाफा टिकटिंग बिजनेस को जोमेटो को बेचने के चलते हुआ था। इस बार पहली तिमाही 26 में पेटीएम का मुनाफा पूरी तरह नॉर्मल बिजनेस ऑपरेशन्स के जरिए आया है, जो निवेशकों के लिए एक पॉजिटिव संकेत है।




# भारत में गूगल प्ले, एंड्रॉयड ने 2024 में 4 लाख करोड़ का राजस्व कमाया

**नई दिल्ली।** भारत में गूगल प्ले और एंड्रॉयड प्लेटफॉर्म ने 2024 में ऐप पब्लिशर और देश की व्यापक अर्थव्यवस्था के लिए लगभग 4 लाख करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, जो स्मार्टफोन की बढ़ती संख्या, किफायती डेटा और सक्रिय डेवलपर्स एवं उद्यमियों की वजह से संभव हो पाया है। यह ऐप इकोसिस्टम न केवल राजस्व बढ़ा रहा है, बल्कि इसने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 35 लाख से अधिक नौकरियां भी पैदा की हैं। ऐप पब्लिशर से तात्पर्य उन कंपनियों और व्यक्तियों से है जो ऐप बनाकर उपयोगकर्ताओं तक पहुंचाते हैं। डिजिटल टेक्नोलॉजी के बढ़ते प्रभाव ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति दी है, जिससे देश में रोजगार के अवसर और आर्थिक विकास में वृद्धि हो रही है।

# 12 फीसदी जीएसटी स्लैब पर फिलहाल कोई बदलाव नहीं




**मुंबई ।** केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि दूध, दही, पनीर जैसे रोजमर्रा के आवश्यक उत्पादों पर लागू 12 फीसदपी जीएसटी दर में अभी कोई बदलाव नहीं होगा। हाल ही में संसद में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि 12 फीसदी जीएसटी स्लैब को समाप्त करने या कम करने का कोई प्रस्ताव फिलहाल विचाराधीन नहीं है। कुछ दिन पहले यह खबरें आई थीं कि जीएसटी काउंसिल द्वारा गठित मंत्री समूह 12 फीसदी स्लैब खत्म करने की सिफारिश कर सकता है। लेकिन चौधरी ने लोकसभा में लिखित जवाब में कहा कि जीओएम ने अभी तक अपनी रिपोर्ट वित्त मंत्रालय को नहीं सौंपा है और कोई सिफारिश प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जीएसटी दरों में बदलाव केवल जीएसटी काउंसिल की सिफारिश के बाद ही किया जाएगा।

# एआई में भारी निवेश के बावजूद भारत की आईटी कंपनियों को अपेक्षित लाभ नहीं

**नई दिल्ली ।** भारत की प्रमुख आईटी कंपनियां टीसीएस, इंफो सिस, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजी और टेक म हिंद्रा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और जनरेटिव एआई में भारी निवेश करते हुए अब तक 2.5 लाख से अधिक कर्मचारियों को एआई स्किल्स की ट्रेनिंग दी है। शुरुआती दौर में बेसिक प्रशिक्षण दिया गया, लेकिन अब कंपनियां इंडस्ट्री-स्पेसिफिक और एडवांस स्किल्स पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। टीसीएस ने 1.14 लाख कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर एआई स्किल पिरामिड मॉडल अपनाया है। विप्रो ने 87,000 से अधिक लोगों को ट्रेनिंग दी है और एआई लैब्स की स्थापना की है। इंफोसिस ने अपने कर्मचारियों को एआई-अवेयर और एआई-मास्टर्स की श्रेणियों में बांटा है। एचसीएल टेक ने 42,000 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया है, जिनमें 12,000 सक्रिय रूप से एआई प्रोजेक्ट्स पर कार्यरत हैं। टेक महिंद्रा ने 77,000 लोगों को बेसिक एआई स्किल्स सिखाई हैं। हालांकि, इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के बावजूद इन कंपनियों की रेवेन्यू ग्रोथ और प्रोडक्टिविटी में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल तकनीकी ट्रेनिंग से परिणाम नहीं मिलेंगे; कंपनियों को एआई को व्यावसायिक समस्याओं के समाधान के रूप में उपयोग करना होगा। इसके अलावा एआई के चलते लागत घटने की बजाय बढ़ रही है। उदाहरण के लिए टीसीएस की कर्मचारी लागत जून 2025 की तिमाही में बढ़कर 47.6 फीसदी हो गई है। कुल मिलाकर एआई -पर भारी निवेश के बावजूद इसका असर अभी तक सीमित रहा है, और कंपनियां अब भी ट्रायल और इम्प्लीमेंटेशन के चरण में हैं।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

## सेंसेक्स 539 , निफ्टी 159 अंक उछला




**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 539.83 अंक बढ़कर 82,726.64 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 159.00 अंक उछलकर 25,219.90 के स्तर पर बंद हुआ। बाजार में इस तेजी का कारण कारण बैंकिंग और आईटी कंपनियों के अच्छे तिमाही परिणाम भी रहे जिससे बाजार में निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ है। आज कारोबार के दौरान निफ्टी पर, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, मारुति सुजुकी इंडिया, श्रीराम फाइनेंस और अपोलो हॉस्पिटल्स के शेयरों में 2 फीसदी तक की बढ़त दर्ज की गयी।

बाजार में आये उछाल का एक कारण अमेरिका और जापान के बीच ट्रेड डील की घोषणा को भी माना जा रहा है। इस डील के तहत जापान के सामानों पर अमेरिका में 15 फीसदी का रेसिप्रोकल टैरिफ लगेगा, जो पहले के घोषित 24 फीसदी टैरिफ दर से कम है। इस डील के बाद दुनिया भर के बाजारों को राहत मिली है। अब निवेशकों की नजरें इस पर टिकी हैं कि भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर लगी हैं। दुनिया भर के बाजारों की बात करतें तो आज दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स, जापान का निक्केई 225, शंघाई का एसएसई कंपोजिट इंडेक्स और हांग कांग का हेंग सेंग इंडेक्स सभी हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी शेयर बाजार भी गत दिवस लाभ के साथ बंद हुए थे। इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 198 अंकों की बढ़त के साथ 82,384 के स्तर पर दिखा, जबकि निफ्टी 74 अंक चढ़कर 25,135 के स्तर पर पहुंच गया। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हलचल सीमित रही। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 0.06 फीसदी की हल्की बढ़त दर्ज हुई, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स 0.02 फीसदी फिसल गया।

# देश के 1000 आईटीआई होंगे अपग्रेड

## - युवाओं को मिलेगा हाईटेक स्किल ट्रेनिंग का मौका

**नई दिल्ली ।** देशभर के युवाओं को रोजगार योग्य बनाने और औद्योगिक क्षेत्रों में कुशलता बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ी योजना शुरू की है। इसके तहत देश के 1,000 इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट्स (आईटीआई) को अपग्रेड किया जाएगा। इस योजना के लिए सरकार लगभग 60,000 करोड़ का निवेश करेगी। इसका उद्देश्य अगले 5 वर्षों में 2 करोड़ युवाओं को स्किल ट्रेनिंग देना है। यह योजना हब एंड स्पोक मॉडल पर आधारित होगी। इसमें कुछ बड़े आईटीआई को हब बनाया जाएगा, जहां आधुनिक तकनीकों से लैस ट्रेनिंग दी जाएगी। इनसे जुड़े छोटे आईटीआई स्पोक होंगे, जो इन हब से संसाधन और मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। इससे पूरे देश में एक समान और गुणवत्तापूर्ण ट्रेनिंग सुनिश्चित हो सकेगी। सरकार इस योजना को स्किल डेवलपमेंट और एंटरप्रेन्योरशिप मंत्रालय के माध्यम से लागू कर रही है। कई बड़ी भारतीय और विदेशी कंपनियां इस योजना में भाग लेने के लिए आगे आई हैं। अब तक 12 से अधिक कंपनियां रुचि दिखा चुकी हैं। इनमें से रिलायंस ग्रुप, अदाणी ग्रुप, महिंद्रा ग्रुप, जेके सीमेंट, जिंदल ग्रुप, टोयोटा इंडिया, श्नाइडर इलेक्ट्रिक और आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील जैसी प्रमुख कंपनियों ने राज्यों और क्षेत्रों की जानकारी दी है जहां वे ट्रेनिंग देना चाहती हैं। उदाहरण के लिए, जेके सीमेंट राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में कंस्ट्रक्शन, इलेक्ट्रॉनिक्स, रिन्यूएबल एनर्जी और हॉस्पिटैलिटी में ट्रेनिंग देगा, जबकि रिलायंस महाराष्ट्र, गुजरात और आंध्र प्रदेश में रिन्यूएबल एनर्जी, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, रिटेल और पेट्रोकेमिकल सेक्टर में युवाओं को प्रशिक्षित करेगा। इस पहल से न केवल युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि देश के औद्योगिक विकास को भी नई गति मिलेगी।

# एडीबी ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर अनुमान घटाकर 6.5 फीसदी किया

## - भारत अब भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है

**नई दिल्ली ।**

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अपने पूर्वानुमान को घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है, जो अप्रैल में जारी अनुमान 6.7 प्रतिशत से कम है।

यह संशोधन मुख्य रूप से अमेरिका द्वारा लगाए गए उच्च शुल्क और उससे जुड़ी नीतिगत अनिश्चितताओं के कारण किया गया है। इन शुल्कों और वैश्विक आर्थिक मंदी के प्रभाव से भारतीय निर्यात पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ने के साथ ही निवेश प्रवाह भी प्रभावित हो सकता है। जुलाई के एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) में कहा गया है कि हालांकि वैश्विक आर्थिक चुनौतियां बनी हुई हैं, भारत अब भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है।


घरेलू आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की मांग में सुधार के कारण घरेलू खपत में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है। सेवा और कृषि क्षेत्र को वृद्धि के मुख्य स्तंभ माना गया है।

विशेष रूप से, सामान्य से अधिक मानसूनी वर्षा होने की संभावना कृषि क्षेत्र को सहारा देगी और उसकी वृद्धि को बढ़ावा देगी। एडीबी ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान 6.7 प्रतिशत रखा है। साथ ही, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के शुरुआती संकेत भी आर्थिक गतिविधियों के लिए सहायक हो सकते हैं।भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी चालू वित्त वर्ष के लिए अपनी वृद्धि दर के अनुमान को 6.7 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है, जो एडीबी के संशोधित आंकड़े के समान है।


इस तरह, वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूती से आगे बढ़ रही है, लेकिन अमेरिका के शुल्क और नीतिगत बदलावों से सतर्क रहने की जरूरत बनी हुई है।

# गढ़चिरौली में लॉयड्स मेटल्स एंड स्टील 40,000 करोड़ का निवेश करेगी

**मुंबई ।**



महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में लॉयड्स मेटल्स एंड स्टील ने अगले पांच वर्षों में लगभग 40,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का बड़ा लक्ष्य रखा है। कंपनी के एक वे रिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कंपनी ने अब तक 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है और आगामी योजनाओं के तहत 15,000 करोड़ रुपये के अयस्क संवर्धन संयंत्र और 22,000 करोड़ रुपये के इस्पात संयंत्र का निर्माण किया जाएगा। गढ़चिरौली जो पूर्वी महाराष्ट्र का नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहा है, वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार हो रहा है, जिससे निवेश के लिए बेहतर माहौल बन रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जिले में लॉयड्स मेटल्स द्वारा निर्मित 90 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन और एक पेलेट संयंत्र का उद्घाटन किया। अे धिकारी ने बताया कि कंपनी का पूंजीगत व्यय मुख्यतः आंतरिक स्रोतों से पूरा होगा, लेकिन जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त कोष जुटाने की भी योजना है। पिछले वर्ष कंपनी ने पात्र संस्थागत नियोजन के जरिए 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि भी जुटाई थी।



# क्या पति सोहेल कथूरिया से तलाक ले रहीं हैं हंसिका मोटवानी?

मनोरंजन जगत की चर्चित अभिनेत्री हंसिका मोटवानी इस समय अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस ने दो साल पहले बिजनेसमैन पति सोहेल कथूरिया से शादी की थी। पिछलों दिनों दोनों के रिश्तों के बीच में कड़वाहट की खबरें आई थीं और तलाक की भी अटकलें लग रही थीं। साथ ही दोनों के अलग-अलग रहने की भी बात सामने आई थी। अब इस मामले पर अभिनेत्री के पति ने चुप्पी तोड़ते हुए जवाब दिया है। आइए जानते हैं कि उन्होंने क्या बताया।

### क्या सचमुच दोनों हुए अलग?

हंसिका मोटवानी के पति सोहेल कथूरिया ने तलाक की अफवाहों को खारिज करते हुए कहा, 'यह सच नहीं है।' लेकिन एक्ट्रेस के पति ने दोनों के अलग रहने की अफवाहों पर कोई जवाब नहीं दिया, जिससे कई सवाल अभी भी बने हुए हैं।

### क्या है पूरा मामला?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कहा गया कि अभिनेत्री हंसिका मोटवानी अपनी मां के साथ रहने लगी हैं, जबकि उनके पति फिलहाल अपने माता-पिता के साथ रह रहे हैं। इसके साथ ही रिपोर्ट्स में बताया गया कि जब दिसंबर 2022 में दोनों की शादी हुई थी तो वे शुरुआत में साथ रहते थे। हालांकि, बाद में दोनों के बीच सामंजस्य ना होने के कारण दोनों उसी बिल्डिंग के अलग-अलग अपार्टमेंट में रहने लगे। इसके बाद भी दोनों के बीच की नाराजगी नहीं ठीक हो पाई। इस जोड़े ने 4 दिसंबर, 2022 में जयपुर में शादी की थी।

### हंसिका मोटवानी का वर्कफ्रंट


हंसिका मोटवानी ने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। उस शो का नाम था 'शका लका बूम बूम'। इसके अलावा वह सिंघम 2 (तमिल), बोगन, आंबाला जैसी साउथ फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं।



# एटली की फिल्म में अल्लू अर्जुन निभाएंगे मल्टीपल रोल

## दीपिका, जाह्नवी, रश्मिका और मृणाल संग बनेगी जोड़ी

पैन इंडिया स्टार अल्लू अर्जुन और एटली इस वक्त फिल्म AA22×A6 पर काम कर रहे हैं। ये फिल्म मच अवेटेड होने के साथ अपनी हाईप्रोफाइल स्टारकास्ट की वजह से सुर्खियों में है। इसमें अल्लू अर्जुन के साथ दीपिका पादुकोण, जाह्नवी कपूर, रश्मिका मंदाना और मृणाल ठाकुर नजर आएंगी। लेटेस्ट मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अल्लू अर्जुन एटली की इस फिल्म में मल्टीप्ल रोल में नजर आएंगे। ये पहली बार होगा, जब पुष्पा स्टार एक साथ कई किरदार निभाएंगे। फिल्म में एक्टर पूरे परिवार का किरदार निभाते नजर आएंगे। सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है, अल्लू एटली की अगली फिल्म में अपने पूरे परिवार का किरदार निभा रहे हैं। वह फिल्म में दादा, पिता और दो बेटों का किरदार करते नजर आएंगे। यह उनके करियर की पहली मल्टीप्ल रोल वाली फिल्म होगी। सूत्र ने बताया है कि अल्लू ने खुद ही चारों किरदार निभाने पर जोर दिया। एक्टर के कहने पर पहले तो एटली थोड़ा हिचकिचाए, लेकिन लुक टेस्ट के बाद उन्हें लगा कि यह फिल्म के लिए फायदेमंद रहेगा। दर्शकों को एक टिकट की कीमत पर अल्लू अर्जुन के 4 अलग-अलग अवतार देखने को मिलेंगे। फिल्म का एक और बड़ा हाईलाइट रश्मिका मंदाना का किरदार होगा। 'पुष्पा- द राइज' और 'पुष्पा 2- द रूल' में अल्लू अर्जुन के अपोजिट दिखीं रश्मिका AA22×A6 में निगेटिव रोल में नजर आएंगी। ये भी पहली बार होगा, जब ऑडियंस रश्मिका को निगेटिव किरदार में देखेगी। विलेन के रूप में, रश्मिका अल्लू अर्जुन, दीपिका, जाह्नवी और मृणाल के साथ मुकाबला करेंगी।









# फिर साथ दिखेगी कंगना रनौत और आर माधवन की हिट जोड़ी

फिल्म तनु वेड्स मनु और उसके सीक्वल तनु वेड्स मनु रिटर्न्स में जबरदस्त केमिस्ट्री दिखा चुके कंगना रनौत और आर माधवन अब एक बार फिर पर्दे पर साथ नजर आने को तैयार हैं। इस बार ये जोड़ी लेकर आ रही है एक रोमांचक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म, जिसका नाम रखा गया है सर्कल। इस फिल्म को लेकर अपडेट सामने आया है। दर्शक इस जोड़ी को दशहरे 2025 पर एक बार फिर साथ में देख सकेंगे।

### तीन भाषाओं में रिलीज होगी फिल्म

फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं ए एल विजय, जो साउथ सिनेमा के जाने-माने निर्देशक हैं। वहीं इस फिल्म का निर्माण कर रही है ट्राइडेंट प्रोडक्शन्स। देक्कन क्रॉनिकल की रिपोर्ट की मानें तो ये फिल्म तीन भाषाओं- हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज की जाएगी। सर्कल को एक पैन-इंडिया प्रोजेक्ट बताया जा रहा है, जिसकी शूटिंग चेन्नई, ऊटी, जयपुर और हैदराबाद जैसी अलग-अलग जगहों पर की गई है।

### कैसी होगी फिल्म की कहानी?

सर्कल की कहानी को लेकर अब तक कई अपडेट्स सामने आए हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर है जिसमें सस्पेंस की परतें धीरे-धीरे खुलेंगी। सूत्रों की मानें तो कहानी में एक बड़ा ट्विस्ट ये होगा कि एक मरीज और डॉक्टर असल में एक ही इंसान होते हैं। कुछ इसी प्लॉट के ईर्द-गिर्द ही ये कहानी घूमने वाली है।

### क्लाइमेक्स सीन की शूटिंग हैदराबाद में हुई

फिल्म की शूटिंग हाल ही में पूरी हुई है। हैदराबाद के जुबली हिल्स स्थित एक क्लब में इसका आखिरी सीन फिल्माया गया, जिसमें आर माधवन के साथ एक और प्रमुख भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री अवंतिका मिश्रा नजर आएंगी। इस क्लब सीन के साथ फिल्म की शूटिंग पूरी हुई।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

फिल्म सर्कल के 2025 के दशहरे के मौके पर रिलीज होने की खबर सामने आ रही है। हालांकि इसका अभी ऑफिशियल ऐलान नहीं हुआ है। खास बात ये है कि हिंदी, तमिल और तेलुगु के अलावा इसकी मलयालम डबिंग पर भी काम चल रहा है।



# इंडस्ट्री में टैलेंट से ज्यादा सोशल मीडिया फॉलोवर्स की वैल्यू

'जामताड़ा', '12वीं फेल' जैसे प्रोजेक्ट में काम कर चुके एक्टर अंशुमान पुष्कर ने इंडस्ट्री में कास्टिंग प्रोसेस को लेकर खुलासे किए हैं। अपने एक हालिया इंटरव्यू में एक्टर ने बताया है कि कैसे कास्टिंग के दौरान सोशल मीडिया फॉलोअर्स को ध्यान में रखा जाता है। फॉलोअर्स कम होने की वजह से उन्होंने फिल्मों में रोल भी गंवाए हैं। अंशुमान बताते हैं कि सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स कम होने की वजह से उन्होंने एक फिल्म गंवा दी थी। उन जैसे एक्टर्स की कास्टिंग सोशल मीडिया फॉलोअर्स तक सीमित रह गई है। वो कहते हैं- 'हालांकि, मैं इन सारी बातों को पर्सनली नहीं लेता हूं। अगर कोई प्रोड्यूसर या डायरेक्टर टैलेंट से ज्यादा फॉलोअर्स की तरजीह दे रहा है तो ये उनकी च्वाइस है। इसका ये मतलब नहीं है कि जिन एक्टर को नहीं चुना गया, उनमें कम प्रतिभा है।' इस वक्त इंस्टाग्राम पर अंशुमान के 91 हजार फॉलोअर्स हैं। जब इंटरव्यू में अंशुमान से पूछा गया कि क्या एक्टर का एक्टिंग स्किल्स से ज्यादा सोशल मीडिया पर एक्टिव होना जरूरी है? सवाल के जवाब देते हुए वो आगे कहते हैं- आप रणबीर कपूर से अपनी तुलना नहीं कर सकते हैं। उनके पास पहले से ही काफी फैंस हैं। हम जैसे एक्टर्स की कास्टिंग सिर्फ इंस्टाग्राम फॉलोअर्स तक सीमित हो गई है। हालांकि, मुझे इस बात से शिकायत नहीं है। ये तो सिस्टम का हिस्सा है। अंशुमान की वर्कफ्रंट की बात करें तो, एक्टर ने साल 2018 में अपने करियर की शुरुआत टेलीविजन से की थी। बड़े पर्दे पर उन्होंने साल 2023 में विक्रांत मैसी स्टारर फिल्म 12वीं फेल में काम किया था। फिलहाल वो राजकुमार राव की फिल्म मालिक में नजर आए हैं।



# कॉस्मेटिक सर्जरी को लेकर खुशी कपूर ने बेबाकी से दिया जवाब

मनोरंजन जगत में खुद को ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन खूबसूरत और आकर्षक दिखाने के लिए एक्टर्स कई तरीकों को अपनाते हैं। इस कड़ी में बोटॉक्स और त्वचा निखारने वाले अन्य कॉस्मेटिक सर्जरी शामिल हैं। अब इस मामले पर अभिनेत्री खुशी कपूर ने बेबाकी से अपनी राय रखी है।

### खुशी कपूर ने सर्जरी की बात स्वीकारी

हाल ही में खुशी कपूर ने बातचीत में कॉस्मेटिक सर्जरी और शारीरिक बदलाव कराने पर विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा, हां, मैंने अपना रूप बदला है, लेकिन हर कोई सोचता है कि मैंने खुद पर कई तरीके के प्रयोग किए हैं। मुझे नहीं लगता कि अपने लुक के लिए सर्जरी करवाना इतनी बड़ी बात है। मेरे लिए, अपने आस-पास के लोगों के साथ अपने लुक के बारे में बेईमानी करना ठीक नहीं है। बहुत सारे प्रभावशाली युवा हैं, जो हमें इंटरनेट पर फॉलो करते हैं। साथ ही, अगर हम अपने लुक के बारे में कुछ नहीं करते हैं, तो यह एक समस्या है और लोग आपको आपके लुक के आधार पर जज करेंगे। अगर हम अपने लिए कुछ करते हैं, तो भी लोगों को समस्या है।'

### खुद के मन से जीती हैं जिंदगी

आगे बातचीत में अभिनेत्री ने कहा, 'लोग कहेंगे कि उन्होंने खुद को क्यों बदला और अपने असली लुक पर क्यों नहीं टिकीं? तो, आप मुझसे किसी भी तरह से जीतने वाले नहीं हैं। मैं अपनी जिंदगी वैसे ही जीने वाली हूं जैसे मैं चाहती हूं। मुझे अपने लुक्स की परवाह है, लेकिन मैंने अपने चेहरे में मात्र कुछ बदलाव करवाएं हैं। इसीलिए मैंने उनके बारे में खुलकर बात की।'



# कास्टिंग डायरेक्टर से एक्ट्रेस बनीं भूमि, पहली फिल्म को मिला अवॉर्ड

**भूमि पेडनेकर ने बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में दी हैं। इनमें कई फिल्में हिट रहीं और कई फिल्में उम्मीद के मुताबिक नहीं चल सकीं। हालांकि लगभग सभी फिल्मों में उनकी बेहतरीन अदाकारी के लिए उन्हें सराहा गया। पढ़ाई के बाद उन्होंने असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया। इसके बाद उन्होंने बतौर एक्ट्रेस फिल्मों में काम करना शुरू किया। उनकी पहली ही फिल्म हिट रही। फिल्मों के अलावा वह दूसरे कामों को लेकर भी चर्चा में रहीं। उनके जन्मदिन पर आइए जानते हैं उनके बारे में कुछ अहम बातें।**

### यश राज फिल्म्स में किया असिस्टेंट कास्टिंग डायरेक्टर का काम

भूमि पेडनेकर ने यशराज फिल्म्स के साथ छह वर्षों तक बतौर असिस्टेंट कास्टिंग डायरेक्टर काम किया। इसके बाद भूमि ने पहली बार फिल्म दम लगा के हईशा(2015) में लीड एक्ट्रेस के तौर पर काम किया। इसमें उनके साथ आयुष्मान खुराना थे। उनकी पहली ही फिल्म काफी कामयाब रही। इस फिल्म में बेहतरीन काम करने के लिए भूमि को बेस्ट फीमेल डेब्यू एक्ट्रेस का फिल्मफेयर अवॉर्ड दिया गया। इसके बाद भूमि ने टॉयलेट- एक प्रेम कथा, शुभ मंगल सावधान और बाला जैसी बेहतरीन फिल्में कीं।

### फिल्में फ्लॉप लेकिन किरदार हिट

भूमि पेडनेकर ने अपने छोटे से करियर में कई फिल्में की हैं। हालांकि उनकी बहुत कम ही फिल्में कामयाब रही हैं। फिल्म बधाई दो में भूमि पेडनेकर ने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है जो समलैंगिक होती है। उनकी यह फिल्म बहुत अच्छी नहीं चल सकी। फिल्म रक्षा बंधन में उन्होंने एक ऐसी प्रेमिका का किरदार निभाया है जिसका प्रेमी अपनी बहनों की वजह से अपनी शादी नहीं कर पाता है। यह फिल्म फ्लॉप रही थी। इसी तरह से भूमि ने भक्षक फिल्म में एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है जो पत्रकार होती है। उनकी यह फिल्म भी कुछ खास नहीं कर सकी थी। इन सभी फिल्मों में उनकी अदाकारी की तारीफ हुई।

### भूमि ने वेब सीरीज में की रंग जमाने कोशिश

भूमि पेडनेकर ने फिल्मों के अलावा वेब सीरीज में बेहतरीन काम किया। 9 मई 2025 को वेब सीरीज द रॉयल्स रिलीज हुई। इसमें उनके साथ ईशान खट्टर अहम किरदार में थे। सीरीज की कहानी एक शाही परिवार पर आधारित है, जो आर्थिक तंगी से जूझता है। इस परिवार की किस्मत तब बदलती है जब एक कारोबारी लड़की सोफिया आती है और उनके महल को एक लक्जरी रिसॉर्ट में बदलने की कोशिश करती है। सीरीज में भूमि की अदाकारी की तारीफ हुई। भूमि जल्द ही वेब सीरीज दलाल में नजर आने वाली हैं। यह सीरीज किताब भिंडी बाजार पर आधारित होगी।

### भूमि पेडनेकर का फिल्मों के अलावा काम

भूमि पेडनेकर ने फिल्मों में बेहतरीन अभिनय करने के अलावा दूसरे क्षेत्रों में भी नाम कमाया है। भूमि को फोर्ब्स इंडिया ने 2018 की अपनी 30 अंडर 30 सूची में शामिल किया था। पेडनेकर को रेडिफ डॉट कॉम की 2020 की सर्वश्रेष्ठ बॉलीवुड अभिनेत्रियों की सूची में पांचवां स्थान मिला। उन्हें टाइम्स की 50 सबसे बेहतरीन महिलाओं की सूची में कई बार जगह मिली। 2019 में वह 40वें और 2020 में 39वें स्थान पर रहीं। 2019 में, पेडनेकर ने पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए क्लाइमेट वॉरियर नाम का एक अभियान शुरू किया। वह बॉलीवुड इंडस्ट्री में वेतन समानता जैसे मुद्दों पर भी मुखर हैं। भूमि पर्यावरण संरक्षण की समर्थक भी हैं। वह संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के लिए काम कर रही हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in